## उनका पुतला जलाते समय झुलसी थीं, सपा प्रमुख ने हाथ जोड़े तो मुस्कुराईं, सुषमा खर्कवाल ने भी विधायक का हालचाल लिया

# बीजेपी विधायक अनुपमा से मिले अखिलेश

**मुलाकात**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को अचानक मेदांता हास्पिटल पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल का हाल जाना। अखिलेश ने हाथ जोड़कर नमस्कार किया तो अनुपमा मुस्कराने लगीं। अखिलेश ने विधायक का इलाज कर रहे डाक्टरों से बात भी की। लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल ने भी विधायक का हालचाल लिया।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को मेदांता अस्पताल पहुंचकर भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल से मुलाकात की।

अखिलेश ने मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। जिस पर एक शेर लिखा, 'उनका जो फर्ज है, वो अहल-ए-सियासत जानें, मेरा पैगाम मोहब्बत है, जहां तक पहुंचे।' बहराइच से विधायक अनुपमा 25 अप्रैल को नारी वंदन अधिनियम संसद में गिरने के विरोध में अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला फूंक रही थीं, तभी झुलस गई थीं। इस घटना के तुरंत बाद अखिलेश ने X पर वीडियो पोस्ट किया था। लिखा था, 'आग लगाने वाले सावधान रहें। आग लगाने वाली महिला की इलाज की व्यवस्था की जाए।' बहराइच में 25 अप्रैल को दोपहर एक बजे भाजपा कार्यकर्ता नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने जैसे ही पुतले में आग लगाई। लपटें भड़क उठीं और विधायक अनुपमा जायसवाल के चेहरे पर आ गईं। उनका चेहरा और सिर के बाल झुलस गए।

> अखिलेश यादव ने एक तीर से कई निशाना साधने की कोशिश की है। अपना ही पुतला जलाने पर न तो उन्होंने कोई शिकायत की और न ही कोई विपरीत टिप्पणी की। वह एक महिला विधायक हैं, ऐसे में उनको देखने जा कर क्षेत्र के लोगों को भी मैसेज दे दिया है।



### अखिलेश ने कहा- राजनीति अपनी जगह, मानवीय संबंधों का महत्व अपनी जगह

सपा प्रमुख ने कहा, हम नहीं चाहते हैं कि समाज के बीच आग जले। हम चाहते हैं समाज में सौहार्द की फुहार हो। हमारी सकारात्मक राजनीति की स्वस्थ परंपरा ने हमें यही सिखाया है। इसीलिए हम भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल से मिलने गए। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करके आए हैं। राजनीति अपनी जगह है और मानवीय संबंधों का महत्व अपनी जगह। सद्भाव बना रहे, सौहार्द बना रहे!

### सपा मीडिया सेल ने कहा- पीएम और सीएम को देखने जाना चाहिए था

इस मामले में सपा मीडिया सेल ने पीएम मोदी और सीएम योगी पर निशाना साधा। X पर लिखा, राजनैतिक दल भले ही अलग हों, विचारधारा अलग हो, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव महिलाओं का सम्मान करने और सद्भाव में सबसे आगे हैं। भाजपा विधायिका अनुपमा जायसवाल सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला जलाते समय खुद जल गई थीं। उन्हें देखने, उनका कुशलक्षेम पूछने और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ सपा प्रमुख खुद मेदांता हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने अनुपमा से भेंट की, कुशलक्षेम पूछा, अच्छे स्वास्थ्य की कामना की और परिजनों से मुलाकात की। जबकि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ बिष्ट को अपनी विधायिका को देखने मिलने खुद जाना चाहिए था, लेकिन वे लोग बंगाल चुनाव में व्यस्त थे और विपक्ष को कोस रहे थे। महिला सुरक्षा और नारी वंदन का भाजपाई और समाजवादी पार्टी के बीच का अंतर स्पष्ट है।

### वरिष्ठ पत्रकार ने कहा- अखिलेश ने नई मिसाल पेश की

वरिष्ठ पत्रकार और लंबे समय तक सपा को कवर करने वाले अशोक त्रिपाठी कहते हैं, अखिलेश यादव ने राजनीतिक व्यवहार की एक नई मिसाल पेश की है। साथ ही खुद उनका विरोध करने वालों को ये संदेश देने की कोशिश भी की है कि उनकी लड़ाई विचारों की है, न कि निजी लड़ाई है। अनुपमा जायसवाल जिस बहराइच की सदर सीट से विधायक हैं उस पर अखिलेश यादव अपने करीबी यासर शाह को चुनाव लड़ाते हैं। 2022 में करीब 4 हजार वोटों से अनुपमा जायसवाल चुनाव जीती थीं। ये ऐसा कदम है जिसपर भाजपा भी चाहकर कोई अटैक नहीं कर पाएगी। क्योंकि चार दिन से अस्पताल में एडमिट अनुपमा जायसवाल को देखने भाजपा का कोई बड़ा नेता नहीं पहुंचा।

## वाराणसी में केशव प्रसाद मौर्य ने किए काशी विश्वनाथ के दर्शन

### सीएम योगी समेत कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ, वाराणसी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री Keshav Prasad Maurya ने मंगलवार को वाराणसी दौरे के दौरान Kashi Vishwanath Temple में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और सर्वकल्याण की कामना की। मौर्य ने पूजा के उपरांत भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए स्तुति भी की—

"आशुतोष शशांक शेखर, चंद्र मौली चिदंबरा,
कोटि-कोटि प्रणाम शंभू, कोटि नमन दिगंबरा।"

इस अवसर पर Nitin Nabin भी उनके साथ मौजूद रहे, जिनके साथ मिलकर उन्होंने बाबा विश्वनाथ का विधिवत पूजन किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री Yogi Adityanath, उपमुख्यमंत्री Brajesh Pathak, केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष Pankaj Chaudhary सहित अन्य मंत्री और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## अखिलेश यादव ने पीडीए एकता को बताया मजबूत संदेश

# गाजीपुर पीड़ित परिवार के समर्थन में आई सपा

**मदद**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गाजीपुर के पीड़ित परिवार की मदद को लेकर कहा कि पूरे पीडीए समाज ने एकजुट होकर 5 लाख रुपये की सहायता देकर एकता का मजबूत संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह सहयोग न केवल पीड़ित परिवार का मनोबल बढ़ाएगा, बल्कि यह भरोसा भी मजबूत करेगा कि वर्चस्ववादी ताकतों के खिलाफ पीडीए समाज एक साथ खड़ा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि



पीडीए समाज के मान-सम्मान, समान अवसर और समग्र विकास के लिए संघर्ष जारी रहेगा, चाहे इसमें कितना भी समय लगे। उन्होंने कहा कि पीड़ा ही वह सूत्र है, जो पूरे पीडीए समाज को एकजुट करता है।

उन्होंने बताया कि उनके निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर, विधायक जयकिशन साहू और रीता विश्वकर्मा शामिल रहे। सपा ने इस पहल को सामाजिक एकजुटता और संघर्ष की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।



**5 लाख रुपये की आर्थिक मदद, प्रतिनिधिमंडल ने परिवार से मिलकर दिया न्याय की लड़ाई में साथ का भरोसा**

> प्रतिनिधिमंडल ने समाजवादी पार्टी की ओर से 2 लाख रुपये और विश्वकर्मा समाज की ओर से 3 लाख रुपये, कुल 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही परिवार को न्याय की लड़ाई में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## योगी सरकार, बच्चों को बेहतर-सुविधायुक्त शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने में जुटी

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों को बेहतर और सुविधायुक्त शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार ने प्रदेश भर में स्कूलों के कायाकल्प को गति देते हुए बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया है। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि विद्यालयों में मौजूद अवसंरचनात्मक कमियों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं का अभाव अब स्वीकार्य नहीं होगा और सभी संस्थानों को निर्धारित मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है, जिससे प्रदेश के हर बच्चे को बेहतर और सुसज्जित विद्यालयी वातावरण मिल सके। 'ऑपरेशन कायाकल्प' के अंतर्गत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष कमियों को दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत गैप एनालिसिस के माध्यम से हर विद्यालय की जरूरतों का आकलन कर उन्हें पूरा किया जाएगा। जहां संसाधनों की कमी होगी, वहां कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व और संबंधित विभागों के सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि कोई भी स्कूल बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे।



- **प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को स्कूलों में पाई जाने वाली कमियों को चिह्नित कर जल्द से जल्द दूर कराने के निर्देश**

## राहुल गांधी नागरिकता मामले में मनीष माथुर करेंगे सुनवाई

लखनऊ । राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर अब इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ सुनवाई करेगी। यह मामला मंगलवार को न्यायमूर्ति मनीष माथुर के समक्ष सूचीबद्ध हुआ।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने न्यायालय से आवश्यक दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख तय की है।

कर्नाटक में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी पर भारत के साथ-साथ ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज करने की मांग की है। उनकी याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट से खारिज हुई थी। इसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के पास उन्होंने याचिका लगाई थी।

## जेई ने बुलाई पुलिस, 10 से ज्यादा इलाकों में 3 घंटे गुल रही बत्ती

# राजाजीपुरम में बिजली कटौती से गुस्साए लोगों का हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । बिजली संकट से परेशान लोगों ने बीती रात राजाजीपुरम पाल तिराहा उपकेंद्र पर हंगामा किया। उग्र भीड़ कंट्रोल रूम में घुस गई और लॉगशीट फाड़ दी। सूचना मिलते ही जूनियर इंजीनियर पुलिस टीम के साथ पहुंचे।

यहियागंज में तार जलने से रात 8.30 बजे बिजली गुल रही। शारदा नगर विस्तार उपकेंद्र के अंतर्गत चंद्रावल फीडर की अघोषित बिजली कटौती से बीती रात लोग परेशान रहे। राधाग्राम उपकेंद्र में बीती रात 12 बजे से 2.30 बजे तक बिजली गुल रही। फैजुल्लागंज, दाउद नगर, त्रिवेणीनगर सहित कई इलाकों में बिजली की आवाजाही से लोग परेशान रहे। रहीमाबाद ट्रांसमिशन



उपकेंद्र सुबह नौ बजे से 11.30 बजे तक बिजली बंद की। इससे रहीमाबाद, मलिहाबाद तहसील, माल सहित कई इलाके प्रभावित रहे। रहीमाबाद में सोमवार शाम करीब 04 बजे बिजली ठप हो गई। इससे जिन्दौर, गढ़ी, शेर नगर, गदिया खेड़ा, लालता खेड़ा, नत्थू खेड़ा सहित कई ईलाकों में बिजली गुल हो गई। इससे लोगों को काफी दिक्कत हुई।

### बिजली नहीं आने से लोग हुए नाराज

राजाजीपुरम पाल तिराहा उपकेंद्र बीती रात करीब 12 बजे बिजली गुल हो गई। इससे तिकोनिया, एसएमएस सहित आसपास के इलाकों में अंधेरा छा गया। इससे परेशान लोगों ने उपकेंद्र से लेकर टोल फ्री 1912 पर शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे लोगों का गुस्सा भड़क गया और उपकेंद्र पहुंच कर हंगामा किया। अलीगंज के पुरनिया उपकेंद्र के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय के पास रात 8.30 बजे बिजली की लाइन पर पेड़ गिर गया। इससे बड़े इलाके में बिजली गुल हो गई।

एफसीआई उपकेंद्र के तहत वादर खेड़ा, सूरजकुंड खेड़ा, आदर्श विहार कॉलोनी, पिंक सिटी सहित अन्य इलाको में बिजली गुल रही। शकुंतला मिश्रा उपकेंद्र के कुंदन विहार में तीन घंटे तक बिजली ठप रही। इससे लोगों को काफी दिक्कत हुई।

## अधिकारियों की समीक्षा बैठक में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण पर जोर

# 9 मई को लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। District Legal Services Authority Lucknow की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जनसामान्य को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 मई 2026 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन National Legal Services Authority, नई दिल्ली तथा Uttar Pradesh State Legal Services Authority, लखनऊ के निर्देशानुसार किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ Malkhan Singh के मार्गदर्शन में की जा रही है। इसी क्रम में 27 अप्रैल को दो चरणों में बैठक आयोजित की गई। पहली बैठक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा नोडल अधिकारी Prakash Tiwari की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सचिव Kunwar Mitresh Singh Kushwaha, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) Raj Bahadur, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. श्रीवास्तव तथा Bank of India के लीड बैंक मैनेजर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्देश दिए गए कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



**दूसरी बैठक शाम को पुराने उच्च न्यायालय परिसर स्थित मेडिएशन सेंटर में मजिस्ट्रेटगण के साथ आयोजित की गई, जिसमें लोक अदालत की तैयारियों को और मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत कराकर शीघ्र, सुलभ और कम खर्च में निस्तारण का लाभ उठाएं।**

## उद्घाटन : बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत लखनऊ व फर्रुखाबाद में आलू की खरीद शुरू

# उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आलू किसानहित में दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए विभिन्न जनपदों में आलू क्रय केन्द्र तत्काल स्थापित कर खरीद प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा। मंत्री के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) को 10 जनपदों में क्रय केन्द्र स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें लखनऊ एवं फर्रुखाबाद को प्राथमिकता देते हुए



दोनों जनपदों में आज से ही खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन जनपदों में बाजार में आलू का मूल्य कम है, वहां प्राथमिकता के आधार पर क्रय केन्द्र खोले जाएं और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाया जाए। योजना के अंतर्गत बाजार हस्तक्षेप मूल्य 650.09 रुपये प्रति कुन्तल तथा ओवरहेड व्यय 162.52 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है, जबकि क्षतिपूर्ति की अधिकतम सीमा कुल खरीद लागत का 25 प्रतिशत तय की गई है, जिसका वहन केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समान रूप से किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अन्य जनपदों में भी चरणबद्ध तरीके से क्रय केन्द्र स्थापित कर अधिकतम किसानों को लाभान्वित किया जाए। समीक्षा के दौरान मंत्री श्री सिंह ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही "रूफ टॉप गार्डेनिंग योजना" के भव्य शुभारंभ की तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा, जिससे शहरी नागरिकों में बागवानी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अतिरिक्त मंत्री ने "उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड" के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में अधिशेष औद्यानिक फसलों की पहचान कर उनके निर्यात को बढ़ाने हेतु ठोस रणनीति तैयार की जाए।

> उद्यान मंत्री श्री सिंह ने अपील की है कि किसान निर्धारित क्रय केन्द्रों पर अपनी आलू उपज लाकर योजना का अधिकतम लाभ उठाएं तथा उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान करें।

### क्रय केन्द्र का उद्घाटन

मंत्री श्री सिंह के निर्देशानुसार जनपद लखनऊ के बक्शी का तालाब स्थित इंदौरा बाग में स्थापित क्रय केन्द्र का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण श्री बी.एल. मीणा द्वारा किया गया, जबकि जनपद फर्रुखाबाद के मंडी समिति सातनपुर में स्थापित क्रय केन्द्र का शुभारंभ उद्यान निदेशक श्री बी.पी. राम ने किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे। यह पूरी प्रक्रिया भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित बाजार हस्तक्षेप योजना (एम.आई.एस.) के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसके तहत किसानों से सीधे आलू की खरीद सुनिश्चित की जा रही है।

## लखनऊ के बिग डैडी क्लब में 2 युवकों को पीटा

लखनऊ । लखनऊ के विभूतिखंड में सोमवार को दो पक्षों में बवाल हो गया। क्लब के अंदर से शुरू हुआ झगड़ा सड़क पर आ गया। साइबर हाइट्स के बाहर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोट आई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रावतपुरा, रायबरेली निवासी शिवेंद्र सिंह अपने दोस्तों के साथ साइबर हाइट्स स्थित क्लब पहुंचे थे। जहां सोमवार-मंगलवार देर रात करीब 1:30 बजे विशाल नाम के युवक से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया और क्लब में अफरा-तफरी मच गई।

आरोप है कि विशाल ने चाकू और कांटे-चम्मच से हमला किया, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की एक युवती ने शिवेंद्र और उसके साथियों पर कमर पर हाथ लगाकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि क्लब के अंदर उसके साथ बदतमीजी की गई, जिसका विरोध करने पर विशाल पर बियर की बोतल से हमला कर दिया गया।

## प्राकृतिक खेती से बेहतर आय अर्जित कर रहे 2.60 लाख किसान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खेती अब सिर्फ गुजारे का जरिया नहीं, बल्कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा देने वाला व्यवसाय बनती जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'प्राकृतिक खेती मिशन' के जरिए खेती-किसानी की तस्वीर बदल रही है। रासायनिक खाद और महंगे कीटनाशकों के जाल से निकलकर अब किसान देसी संसाधनों के सहारे खेती कर रहे हैं और यही बदलाव उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है।

प्रदेश में इस समय 75 जिलों में 2356 क्लस्टर के जरिए 1.14 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र प्राकृतिक खेती के दायरे में आ चुका है। इसका सीधा फायदा 2.60 लाख किसानों को मिल रहा है। खास बात यह है कि यह खेती सिर्फ उत्पादन का तरीका नहीं बदल रही, बल्कि किसानों के खर्च को कम करके उनकी आमदनी बढ़ाने का रास्ता भी खोल रही है। इस अभियान का मजबूत चेहरा बुंदेलखंड बनकर उभरा है। झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट जैसे जिलों में 'गो-आधारित प्राकृतिक खेती' ने नई उम्मीद जगाई है। बुंदेलखंड क्षेत्र के करीब 23 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैली इस पहल ने पहले के समय सूखा और संसाधनों की कमी से जूझ रहे इलाके को एक नए मॉडल में बदल दिया है। इसका लाभ 22 हजार किसानों को मिला।



- **प्राकृतिक खेती योजनाओं के अंतर्गत 75 जिलों में 2356 क्लस्टर में 1.14 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल आच्छादित**

## समयबद्धता और गुणवत्ता पर जोर, स्वास्थ्य व विकास योजनाओं की गहन पड़ताल

# डीएम ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर योजनाओं की समीक्षा की

**निर्देश**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर दर्ज विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सभी विभागों की प्रगति का योजनावार मूल्यांकन किया गया।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अधूरे आवास जल्द पूरा कराने को कहा गया। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत अधिक लोगों को जोड़ने पर जोर दिया गया।

इसके अलावा पेंशन योजनाएं, छात्रवृत्ति, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, मत्स्य योजना, पशु टीकाकरण, विद्युत आपूर्ति और सिंचाई योजनाओं की भी समीक्षा की गई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शुक्ला समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




**डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं में प्रगति लगातार बेहतर की जाए। कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर हर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने को कहा गया।**

> डीएम ने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने और जनपद की रैंकिंग सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। फैमिली आईडी के काम में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए।
> दुग्ध समितियों के गठन को लक्ष्य के अनुसार पूरा करने और निष्क्रिय समितियों को सक्रिय करने पर भी जोर दिया गया।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर फोकस

समीक्षा के दौरान एंबुलेंस सेवाओं के रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने के निर्देश दिए गए। जननी सुरक्षा योजना में प्रगति बढ़ाने और लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संस्थागत प्रसव बढ़ाने और रेफरल रेट कम करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पतालों में प्रसव से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

### गौशालाओं और मनरेगा कार्यों की समीक्षा

गर्मी और लू को देखते हुए गौशालाओं में जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। सुपुर्दगी योजना के तहत अधिक गोवंश पशुपालकों को देने को कहा गया।

मनरेगा के कार्यों में प्रगति बढ़ाने और चकमार्गों की पटाई, तालाब निर्माण जैसे कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# स्वच्छ भारत मिशन में बड़ा खुलासा, 49 हजार से अधिक आवेदन अपात्र पाए गए

## निजी शौचालय योजना में जांच के बाद बड़ी संख्या में अपात्र आवेदक चिन्हित

तमसा संकेत, संवाददाता




अम्बेडकरनगर । स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए चल रही निजी शौचालय निर्माण योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। जिले में कुल 1,02,467 लोगों ने आवेदन किया था। जांच के बाद इनमें से 49,762 आवेदक अपात्र पाए गए हैं।

योजना के तहत ग्राम प्रधान और सचिव स्तर पर सभी आवेदनों की जांच की गई। जांच में केवल 50,208 आवेदक ही पात्र पाए गए। रिपोर्ट के अनुसार लगभग आधे आवेदन नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए। सरकार की ओर से पात्र लाभार्थियों को निजी शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। जांच के बाद पात्र पाए गए आवेदकों को यह राशि चरणबद्ध तरीके से दी जा रही है। जिले में अब तक 47,872 लाभार्थियों के खातों में दो किस्तों में राशि भेजी जा चुकी है। हालांकि, 2,336 पात्र लाभार्थियों को अभी तक एक भी किस्त नहीं मिल पाई है। इससे कई ग्रामीणों में असंतोष की स्थिति है। इसके अलावा 2,497 आवेदन पत्रों की जांच अभी लंबित है। विभागीय स्तर पर इनकी प्रक्रिया जारी है। विभाग का कहना है कि जिन लाभार्थियों को पूरी राशि मिल चुकी है, उनके शौचालय निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन के जिला कोआर्डिनेटर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अपात्र आवेदकों को पहले ही सूची से बाहर किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जिन पात्र लाभार्थियों के खातों में राशि नहीं पहुंची है, उन्हें जल्द भुगतान किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जांच प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी, ताकि केवल पात्र लोगों को ही लाभ मिल सके और किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

**फास्ट न्यूज**

### 1 मई को विशाल निशुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर

अम्बेडकरनगर । 1 मई 2026 को निशुल्क चिकित्सा, जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम बसखारी रोड स्थित साकेत मेडिकल सेंटर एवं मल्टी हॉस्पिटल में सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन रखा गया है। यह शिविर स्वर्गीय बिंदू सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है।

### कोड़रा गांव में दो घरों में भीषण आग

अम्बेडकरनगर । कटेहरी विकासखंड के कोड़रा गांव में अज्ञात कारणों से दो घरों में भीषण आग लग गई। आग से दोनों परिवारों का भारी नुकसान हुआ है।

पहली घटना मिश्रीलाल राजभर के छप्परनुमा मकान में हुई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

इसके बाद आग पास ही रहने वाले अमरावती राजभर के घर तक फैल गई। यहां भी आग ने भारी तबाही मचाई। इस घटना में अमरावती राजभर की दो भैंस और तीन बकरियां भी आग की चपेट में आ गईं। इनमें से एक भैंस और तीन बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई।

### सिलाई मशीन के लिए उमड़ी भीड़

अम्बेडकरनगर । बसखारी क्षेत्र में रविवार को पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय पर महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धा यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर प्रस्तावित निशुल्क सिलाई मशीन वितरण के लिए पंजीकरण कराया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर शरद यादव और उनकी टीम ने मौके पर मौजूद रहकर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कराई। इस दौरान कुल 65 महिलाओं ने आवेदन किया।

## फर्जी बीएड अंकपत्र से नौकरी पाने वाली शिक्षिका पर मुकदमा दर्ज

### अलीगंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई, बीएसए की तहरीर पर केस दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी पाने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। थाना अलीगंज पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर की सहायक अध्यापिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर की गई। मामला तब सामने आया जब नेहरू नगर निवासी प्रतिमा ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में शिक्षिका के शैक्षिक दस्तावेजों को फर्जी बताया गया था। इसके बाद विभागीय स्तर पर जांच शुरू की गई।

जांच में सामने आया कि शिक्षिका द्वारा प्रस्तुत बीएड अंकपत्र श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के नाम से जारी दिखाया गया था।

सत्यापन के लिए संबंधित महाविद्यालय और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संपर्क किया गया। दोनों संस्थानों ने अंकपत्र को अमान्य और कूटरचित बताया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी दस्तावेज को अवैध करार दिया।




जांच में यह भी पाया गया कि शिक्षिका लंबे समय तक सेवा में बनी रहीं और इस दौरान वेतन एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ लेती रहीं। विभाग ने नोटिस जारी किए, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद नियुक्ति को शुरू से ही अवैध मानते हुए सेवा समाप्त कर दी गई। थानाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि विभागीय जांच और अधिकारियों के निर्देश पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आजादी के 79 साल बाद भी कच्चा रास्ता नहीं बदली तस्वीर

## अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र में विकास के दावों के बीच जमीनी हकीकत उजागर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र में विकास के दावों के बीच एक बार फिर जमीनी हकीकत सामने आई है। सदरपुर वार्ड में आज भी कई रास्ते कच्चे हैं, जो आजादी के करीब 79 साल बाद भी पक्के नहीं हो सके हैं। स्थानीय लोगों को रोजाना इन रास्तों से गुजरना पड़ता है।

सदरपुर वार्ड के इन कच्चे रास्तों की हालत बरसात के मौसम में और खराब हो जाती है। जगह-जगह कीचड़ और जलभराव के कारण आवागमन मुश्किल हो जाता है। पैदल चलना भी चुनौती बन जाता है। दोपहिया वाहन चालकों को खास दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय स्तर पर लोगों का कहना है कि बरसात से पहले इन रास्तों का निर्माण होना जरूरी है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सदरपुर वार्ड की इस समस्या को लेकर अब तक किसी बड़े स्तर पर आवाज उठती नजर नहीं आई। न तो स्थानीय प्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस पहल सामने आई और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई दिखी। अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र में विकास को लेकर किए जा रहे दावों के बीच सदरपुर वार्ड की यह स्थिति ध्यान खींचती है। ऐसे में जरूरत है कि संबंधित जिम्मेदार इस मुद्दे पर ध्यान दें और बरसात से पहले रास्तों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाए।



### जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर सवाल

नगर पालिका क्षेत्र में समय-समय पर सत्ता परिवर्तन होता रहा है। चुनाव के दौरान विकास के वादे भी किए जाते हैं। लेकिन सदरपुर वार्ड की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े करती है।

आरोप है कि क्षेत्रीय सभासद और पालिका अध्यक्ष की नजर इन रास्तों पर नहीं पड़ी। वहीं, पालिका स्तर पर भी इन समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई स्पष्ट पहल नहीं दिखती।

## गैस सिलेंडर में कम वजन का आरोप, वीडियो वायरल

### इब्राहिमपुर क्षेत्र की एजेंसी पर कालाबाजारी के आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र में रसोई गैस वितरण को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। उतरेथु स्थित एक गैस एजेंसी से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सिलेंडर में कम गैस दिए जाने का दावा किया गया है। वायरल वीडियो में भड़सरी निवासी विकास कुमार ने सिलेंडर का वजन कराते हुए दिखाया है। एक सिलेंडर का वजन 27 किलो और दूसरे का 28 किलो बताया गया। जबकि मानक के अनुसार भरे सिलेंडर का कुल वजन करीब 29.5 से 30.5 किलो होना चाहिए।

इस आधार पर प्रति सिलेंडर 2 से 3 किलो गैस कम होने का आरोप लगाया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि विरोध करने पर सही सिलेंडर दिया जाता है। जो ग्राहक शिकायत नहीं करता, उसे कम गैस वाला सिलेंडर मिल जाता है। यह भी आरोप है कि बुकिंग के बाद समय पर सिलेंडर नहीं मिलता। कुछ मामलों में ब्लैक में बिक्री की बात भी सामने आई है। ग्रामीणों ने रात में वितरण और कुछ लोगों को प्राथमिकता देने के आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों के रवैये पर भी सवाल उठे हैं। आरोप है कि शिकायत करने पर उचित प्रतिक्रिया नहीं मिली। कुछ अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका।

हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



# 43 डिग्री तापमान में रेलवे अलर्ट

## गर्मी में ट्रैक फैलने का खतरा, बाराबंकी-जाफराबाद रेल खंड पर बढ़ाई गई सतर्कता

**चेतावनी**

- वेल्डिंग प्वाइंट और मोड़ों पर विशेष नजर
- ट्रैक की क्षमता और रेल संचालन

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के बीच रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने के कारण रेलवे ट्रैक के फैलने और तकनीकी खराबी की आशंका को देखते हुए विशेष निगरानी शुरू की गई है। बाराबंकी-जाफराबाद रेल खंड पर अकबरपुर स्टेशन के आसपास करीब 150 किलोमीटर क्षेत्र में ट्रैक की सुरक्षा के लिए 25 पेट्रोलिंग टीमें तैनात की गई हैं। प्रत्येक टीम में दो कर्मचारी शामिल हैं। टीमों को विशेष रूप से ट्रैक के वेल्डिंग प्वाइंट, पुल और मोड़ों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इन स्थानों पर टूट-फूट या कमजोरी का खतरा अधिक रहता है।

इसके साथ ही रेल मित्रों को भी सतर्क रहने और किसी भी असामान्यता की जानकारी तुरंत देने के लिए कहा गया है। अकबरपुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन करीब 33 जोड़ी यात्री ट्रेनें विभिन्न राज्यों के लिए गुजरती हैं। इसके अलावा टांडा क्षेत्र के लिए मालगाड़ियों का भी आवागमन होता है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार पुरानी पटरियों की तुलना में नई पटरियों की भार क्षमता अधिक है, जिससे सुरक्षा बेहतर हुई है।



> **स्टेशन अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि गर्मियों में ट्रैक के फैलने और सर्दियों में सिकुड़ने की संभावना रहती है। इसी को देखते हुए निगरानी टीमों का गठन किया गया है। उनका कहना है कि हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है ताकि रेल संचालन सुरक्षित रहे।**

### हर दो किलोमीटर पर निगरानी टीम

रेलवे की ओर से हर दो किलोमीटर पर एक टीम की तैनाती की गई है। यह टीमें अपने निर्धारित क्षेत्र में लगातार ट्रैक की स्थिति पर नजर रख रही हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी या खतरे की स्थिति में तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार गर्मियों में पटरियां गर्म होकर फैल जाती हैं, जिससे ट्रैक में खिंचाव की स्थिति बन सकती है। इससे रेल संचालन पर असर पड़ने की संभावना रहती है।

# उर्वरक आपूर्ति पर्याप्त, 9 विक्रेताओं की बिक्री पर रोक और नोटिस जारी

## जिला कृषि विभाग ने की जांच, कई दुकानों पर अनियमितता उजागर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । अप्रैल माह तक उर्वरकों की आपूर्ति और वितरण को लेकर कृषि विभाग ने विस्तृत समीक्षा की है। विभाग के अनुसार जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी और एमओपी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। जिले में यूरिया का लक्ष्य 1205 मीट्रिक टन के सापेक्ष 16461 मीट्रिक टन उपलब्ध हुआ है। इसी तरह डीएपी 709 के मुकाबले 4218 मीट्रिक टन, एनपीके 82 के सापेक्ष 3223 मीट्रिक टन, एसएसपी 1545 के मुकाबले 14556 मीट्रिक टन और एमओपी 119 के सापेक्ष 154 मीट्रिक टन उपलब्ध कराया गया है।

वितरण के बाद वर्तमान में सहकारिता और निजी क्षेत्र में यूरिया 15726 मीट्रिक टन, डीएपी 3717 मीट्रिक टन, एनपीके 3147 मीट्रिक टन, एसएसपी 14289 मीट्रिक टन और एमओपी 138 मीट्रिक टन शेष है।



जिला कृषि अधिकारी ने निर्देश दिया है कि सभी विक्रेता किसानों को फसल अनुशंसा के अनुसार ही उर्वरक दें। साथ ही वितरण रजिस्टर में फसल का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा।

अधिक बिक्री या नियम उल्लंघन की स्थिति में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी।कृषि विभाग ने उर्वरक संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम नंबर 9455485475 जारी किया है।

### अधिक बिक्री पर कार्रवाई

कंट्रोल रूम और जांच के दौरान अधिक बिक्री और अभिलेख में अनियमितता पाए जाने पर कई उर्वरक विक्रेताओं की बिक्री पर रोक लगाई गई है। इनमें किसान खाद भंडार टेकीपुर, डीलक्स खाद भंडार खजुरी बाजार, संजय खाद भंडार कुकी बाजार, अग्रहरि खाद भंडार सेमरी और कुछ साधन सहकारी समितियां शामिल हैं। इसके अलावा 9 उर्वरक बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसमें इफको ई-बाजार हरैया बसखारी और विनोद फर्टिलाइजर्स नसेड़ी पर अभिलेख अधूरे और अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

## बी पैक्स गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण, 951 कुंतल खरीद पूरी

### भीटी क्षेत्र में तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण

- केंद्र पर 951 कुंतल गेहूं की खरीद
- टोकन व्यवस्था पर सख्ती के निर्देश
- किसानों को राहत देने पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । भीटी क्षेत्र अंतर्गत बी पैक्स समिति पर संचालित गेहूं क्रय केंद्र का मंगलवार को तहसीलदार राज कपूर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर व्यवस्थाएं सही पाई गईं।

केंद्र प्रभारी नीरज त्रिपाठी ने बताया कि अब तक किसानों से 951 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। खरीद प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार चल रही है।

निरीक्षण के दौरान केंद्र पर साफ-सफाई, किसानों के बैठने की व्यवस्था और पेयजल सुविधा संतोषजनक पाई गई।



तहसीलदार ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि किसानों का गेहूं केवल टोकन व्यवस्था के अनुसार ही तौला जाए। इससे किसी भी किसान को परेशानी न हो और प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

उन्होंने कहा कि किसानों को केंद्र पर किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं नियमित रूप से सुचारु रखी जाएं।

निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि किसानों के लिए बैठने और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने इसे संतोषजनक बताया।

**जांच : जहांगीरगंज सीएचसी समेत कई केंद्रों से जारी हुए संदिग्ध प्रमाण पत्र**

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र घोटाले का खुलासा

**हड़कंप**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में पता चला है कि जहांगीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत अन्य स्वास्थ्य इकाइयों से एक हजार से अधिक संदिग्ध प्रमाण पत्र जारी किए गए। इस खुलासे के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

प्रारंभिक जांच में 28 प्रमाण पत्रों की जांच की गई। इनमें से 21 प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। कई मामलों में केवल गांव का नाम सही पाया गया, जबकि बाकी विवरण गलत भरे गए थे।




इन प्रमाण पत्रों के आधार पर फर्जी आधार कार्ड बनने की भी आशंका जताई जा रही है। विभाग अब इससे जुड़े सभी रिकॉर्ड की जांच कर रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शैवाल ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास हो रहा है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही गई है।

यह मामला रायबरेली जिले में सामने आए फर्जी प्रमाण पत्र प्रकरण की तरह बताया जा रहा है। हालांकि यहां यह गड़बड़ी स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी पाई गई है।

### कर्मचारियों पर कार्रवाई शुरू

मामले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरियांव के संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर अंजनी कुमार और एएनएम रामरती देवी पर आरोप लगे हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी प्रशांत पटेल की तहरीर पर कटका थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

कार्रवाई के तहत एएनएम रामरती देवी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं कंप्यूटर ऑपरेटर अंजनी कुमार को सेवा समाप्त करने का नोटिस दिया गया है।

> **स्वास्थ्य विभाग अब उन आधार कार्डों की भी जांच कर रहा है, जो इन प्रमाण पत्रों के आधार पर बने हो सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, दो से तीन दिन में जांच रिपोर्ट आने की संभावना है।**

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

### प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर मंगलवार को एडीआर भवन, जनपद न्यायालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला जज त्वरित द्वितीय एवं नोडल अधिकारी भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने की।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा यादव भी मौजूद रहीं। बैठक में विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ प्री-लिटिगेशन मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण पर चर्चा की गई।

नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल कर समय पर निस्तारित किया जाए। साथ ही आमजन के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया।



- एडीआर भवन में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक, प्रचार-प्रसार बढ़ाने के निर्देश

सचिव शिखा यादव ने कहा कि प्रचार वाहन के माध्यम से जनपद स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक लोग लोक अदालत से लाभ ले सकें।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि न्यायालय और बैंकों से जुड़े नोटिसों का शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित किया जाए।

# सम्पादकीय

## रक्षा खर्च बढ़ाने की बाध्यता



स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी सीपरी की इस रिपोर्ट पर आश्चर्य नहीं कि 2025 में विश्व का कुल सैन्य खर्च 2024 के मुकाबले 2.9 प्रतिशत अधिक रहा। अब रक्षा खर्च विश्व की कुल जीडीपी का 2.5 प्रतिशत हो गया है। इस संस्था की रिपोर्ट यह भी बताती है कि रक्षा खर्च में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। चूंकि भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है, इसलिए रक्षा खर्च के मामले में उसका पांचवें स्थान पर होना हैरानी का विषय नहीं। भारत रक्षा खर्च में कटौती इसलिए नहीं कर सकता, क्योंकि चीन और पाकिस्तान जैसे देश उसके लिए समस्या बने हुए हैं। चूंकि वैश्विक परिदृश्य बदलने के साथ लड़ाई के तौर-तरीके भी बदल रहे हैं, इसलिए अपनी सेना के आधुनिकीकरण के चलते भी भारत को रक्षा खर्च बढ़ाना पड़ रहा है। वर्तमान चुनौतियों को देखते हुए भारत के लिए यह संभव नहीं कि वह अपने रक्षा खर्च में कमी करे।

भारत की तरह अन्य कई देशों को भी अपने समक्ष उभर रहे खतरों के कारण अपना रक्षा खर्च बढ़ाना पड़ रहा है। कुछ ऐसे भी देश हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के बाद भी पड़ोसी देशों पर अपना दबदबा कायम करने अथवा उन्हें आतंकित करने के लिए अपना रक्षा खर्च बढ़ाने में जुटे रहते हैं। दुर्भाग्य से पड़ोसी पाकिस्तान ऐसे देशों में प्रमुख है। चीन भी अंधाधुंध तरीके से रक्षा पर खर्च कर रहा है, ताकि एशिया के साथ विश्व में अपना वर्चस्व कायम कर सके।

आज के लोकतांत्रिक युग में किसी देश से यह अपेक्षित नहीं कि वह विस्तारवादी अथवा सामंतवादी मानसिकता का परिचय दे, पर समस्या यह है कि ऐसी मानसिकता वाले देशों की कमी नहीं। ऐसे देशों के समक्ष वैश्विक संस्थाएं और विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जिस तरह असहाय-निरुपाय है, उसके चलते भी हथियारों की होड़ बढ़ रही है और तमाम देशों को जो पैसा अपने लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में खर्च करना चाहिए, वह सैन्य संसाधन जुटाने में खपाना पड़ता है। पिछले कुछ समय से प्रमुख वैश्विक शक्तियां जिस तरह मनमानी कर रही हैं, उससे अभी तक चली आ रही विश्व व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो चुकी है। जैसे यूक्रेन पर रूस का हमला, उसकी मनमानी का परिचायक था, वैसे ही अमेरिका की ओर से पहले वेनेजुएला और फिर ईरान को निशाना बनाना भी उसका मनमानापन ही है। बड़े देशों की यह मनमानी भी रक्षा खर्च की होड़ बढ़ा रही है। भारत चाहकर भी अपना रक्षा खर्च कम नहीं कर सकता, लेकिन उसकी प्राथमिकता अपनी आवश्यकता की अधिकाधिक युद्धक सामग्री का निर्माण देश में ही करना होना चाहिए। इससे देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा और रक्षा खर्च में कमी भी आएगी।

# बिहार-नेपाल बॉर्डर पर बहुत कुछ बदल रहा है

> नेपाल ने नया प्रावधान लागू करते हुए भारत से ले जाए जाने वाले 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम ड्यूटी अनिवार्य कर दिया है। यह शुल्क 5 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके चलते भारत-नेपाल से सटे बिहार के इलाके वाले कस्बों के बाजार में मंदी आ गई है।




नेपाल कहने को अलग देश है लेकिन सीमावर्ती इलाकों में जाइए तो पता नहीं चलता कहां भारत खत्म होता है कि और कहां से नेपाल शुरू। इसकी एक ऐतिहासिक वजह रही है कि दोनों देशों की सीमाएं सामान्य नागरिकों में भेद नहीं करती। यहां के बाजार उनके लिए खुले हैं, वहां के सामान यहां आराम से आते हैं। दरअसल दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ रिश्तों के नीचे यही आवागमन की सुगमता बुनियाद है। लेकिन हाल फिलहाल में कुछ ऐसा हुआ है जिससे इस बुनियाद के दरकने का डर पैदा हो गया है।

नेपाल की बालेन सरकार के इस नए फैसलों ने इस 'सहज संबंध' पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों देशों में इस फैसले का विरोध हो रहा है। सीमा पर बढ़ती सख्ती, कस्टम ड्यूटी की वसूली और वाहनों की जब्ती जैसी घटनाओं ने दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति पैदा कर दी है।

सीतामढ़ी जिले के भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में हाल ही में जो घटनाएं सामने आईं, उन्होंने इस बदलते माहौल को और स्पष्ट कर दिया है। सोनबरसा प्रखंड के इंदरवा के पास नेपाली सुरक्षाकर्मियों द्वारा भारतीय वाहनों को रोककर जब्त किए जाने से अचानक तनाव फैल गया।

बताया जाता है कि नेपाल जाने वाले भारतीय नागरिकों के वाहनों को रोका गया और कुछ मामलों में अभद्र व्यवहार की शिकायत भी सामने आई। इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। घटना के विरोध में भारतीय पक्ष के लोगों ने भी नेपाल से आने वाले वाहनों को रोक दिया। देखते ही देखते सीमा पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई और दोनों तरफ आवाजाही बाधित हो गई।

स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल को हस्तक्षेप करना पड़ा। उनके प्रयासों के बाद नेपाल में जब्त किए गए वाहनों को छोड़ा गया, तब जाकर हालात सामान्य हो सके।दरअसल, यह तनाव केवल एक घटना तक सीमित नहीं है। इसके पीछे नेपाल सरकार का हालिया सख्त कस्टम नियम भी बड़ा कारण बनकर सामने आया है। नेपाल की बालेन सरकार ने पुराने नियम को सख्ती से अनुपालन करा रहे हैं।

अविनाश कुमार, स्थानीय व्यापारी, मोतिहारी बताते है कि इससे हमारा कारोबार ठप हो जाएगा। हम रोजाना 50-60 हजार का माल नेपाल ले जाते थे। अब 100 रुपये से ऊपर के हर सामान पर ड्यूटी? यह तो लूट है! पहले खुला व्यापार था, अब सब बंद। हमारा रोजगार छिन जाएगा।''- नए कस्टम शुल्क के गणित को इस प्रकार समझा जा सकता है कि अगर आप रक्सौल बॉर्डर पर 1000 रुपए का सामन खरीदकर नेपाल की ओर जाते हैं तो बॉर्डर पर उस सामान की कीमत कस्टम ड्यूटी चुकाने के बाद बढ़ जाएगी। क्योंकि अगर सामानों की कैटेगरी 15 फीसदी की सीमा में होगी तो उसपर 150 रुपए का सीमा शुल्क लगेगा, 13 फीसदी वैट पर 149।5 रुपए देना होगा। इस तरह 1000 का सामान आपको 1299।5 रुपए में पड़ेगा। यही वजह है कि नेपाल से लोग भारत से सटे बॉर्डर पर खरीददारी को नहीं आ रहे हैं।इस नियम का सीधा असर सीमावर्ती इलाकों के लोगों पर पड़ रहा है, जिनकी रोजमर्रा की जिंदगी दोनों देशों के बाजारों पर निर्भर करती है। पहले जहां लोग बिना रोक-टोक आवाजाही करते थे, अब उन्हें हर छोटे सामान पर भी शुल्क देना पड़ रहा है। मोतिहारी के व्यापारियों का आरोप है कि नेपाल सरकार ने यह कस्टम नियम 15 अप्रैल से लागू किया है। इसका मकसद अपना स्थानीय उद्योग बचाना और राजस्व बढ़ाना बताया जा रहा है। लेकिन भारत-नेपाल के बीच 1950 की व्यापार संधि में खुला व्यापार का प्रावधान है। व्यापारियों का आरोप है कि नेपाल एकतरफा फैसला ले रहा है।इसलिए हम केंद्र सरकार से अपील कर रहे हैं। यह भारत-नेपाल के बीच 1950 की संधि का उल्लंघन है। अगर नियम नहीं बदला गया तो सीमा पर आंदोलन होगा। नेपाल में भारतीय सामान सस्ता मिलता था, इसलिए बिक्री अच्छी थी। 80% ड्यूटी लगेगी तो कीमतें दोगुनी हो जाएंगी। ग्राहक कौन खरीदेगा?''अररिया जिले के जोगबनी बॉर्डर से लेकर आमबारी तक करीब 28 किलोमीटर के क्षेत्र में इस नियम का असर धीरे-धीरे दिखने लगा है। हालांकि फिलहाल भीड़ कम है, लेकिन व्यापारियों में चिंता बढ़ती जा रही है।स्थानीय व्यापारियों का यह भी कहना है कि अगर यह नियम लंबे समय तक जारी रहा, तो उनके कारोबार पर गंभीर असर पड़ेगा। ग्राहक कम होंगे और सीमावर्ती बाजारों की रौनक खत्म हो सकती है।

नेपाल बॉर्डर पर आने वाले ज्यादातर ग्राहक नेपाली थे, जिन्हें कम कीमत में सामान मिल रहा था। मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर पर भी स्थिति अलग नहीं है। यहां से नेपाल के बीरगंज तक रोजाना बड़ी मात्रा में सामान जाता था, लेकिन अब व्यापार लगभग ठप होने की कगार पर है।व्यापारियों का कहना है कि 100 रुपये से ऊपर हर सामान पर टैक्स लगने से लागत बढ़ जाएगी और ग्राहक खरीदारी से पीछे हट जाएंगे। इससे छोटे व्यापारियों और मजदूरों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। फिर नेपाल से कटे बिहार के कुछ जिलों में नेपाली वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक लगा दी गई है। इससे सीमावर्ती इलाकों में लोगों को बहुत तकलीफ हो रही है। दरअसल नेपाल में पेट्रोल की कीमत 31 रुपये ज्यादा है। रोक के पीछे वजह बताई जा रही है कि यहां से पेट्रोल-डीजल की तस्करी हो रही है। हालांकि, आपात स्थिति में 50 से 100 रुपये की पेट्रोल-डीजल देने की इजाजत है। अररिया, किशनगंज में सीमा से सटे पेट्रोल पंप काफी हद तक नेपाली खरीदारों से भरे रहते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। नेपाल वैसे भी पेट्रोल-डीजल के लिए भारत पर बहुत निर्भर रहता है लेकिन ईरान युद्ध के कारण स्थिति और विकट हो गई है। नेपाल में पिछले कुछ दिनों में कई बार दामों में इजाफा हुआ है। ऊपर से भारत में रोक लग जाने से नेपाली बहुत परेशान हैं। अब वहां के नेता मदद की गुहार लगा रहे हैं। नेपाल की महिला नेता ममता शर्मा पीएम मोदी को एक चिट्ठी भी लिखी है, जिसमें उन्होंने नेपाल और भारत के ऐतिहासिक रिश्तों की याद दिलाई है।

बालेन सरकार का तर्क है कि यह कदम स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने और राजस्व बढ़ाने के लिए उठाया गया है। लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर आम लोगों और छोटे कारोबारियों पर ज्यादा दिखाई दे रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 की संधि के तहत खुले व्यापार और आवागमन की जो परंपरा रही है, उस पर इस तरह के एकतरफा फैसले असर डाल सकते हैं।

**अशोक भाटिया**

## तकनीकी प्रगति के साथ ...

डॉ योगेश शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर
पुस्तकालय विज्ञान बरेली कॉलेज बरेली

# पुस्तकालय पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी माध्यम

आज का युग अभूतपूर्व वैज्ञानिक प्रगति और तीव्र औद्योगिक विकास का युग हैए किन्तु इस विकास की कीमत प्रकृति को चुकानी पड़ रही है। जलवायु परिवर्तनए वायु और जल प्रदूषणए जैव विविधता का क्षरण तथा प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुके हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल तकनीकी नवाचार या सरकारी नीतियों तक सीमित नहीं हैए बल्कि इसके लिए व्यापक सामाजिक जागरूकताए व्यवहार परिवर्तन और जिम्मेदार दृष्टिकोण आवश्यक है। इस संदर्भ में पुस्तकालय एक ऐसा संस्थान हैए जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

पुस्तकालय कोसंग्रह स्थल के रूप में देखा जाता हैए किन्तु वास्तव में यह ज्ञानए सूचनाए शोध और चिंतन का केंद्र होता है। यदि इसकी क्षमता का समुचित उपयोग किया जाएए तो यह पर्यावरण संरक्षण के लिए एक सशक्त माध्यम सिद्ध हो सकता है।वर्तमान समय में पर्यावरणीय समस्याएँ विश्व स्तर पर चिंता का विषय बन चुकी हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धिए अनियमित वर्षाए सूखा और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ रही हैं। वायु प्रदूषण से श्वसन संबंधी रोगों में वृद्धि हो रही हैए जबकि जल प्रदूषण पीने योग्य जल की उपलब्धता को प्रभावित कर रहा है।जैव विविधता का क्षरण भी एक गंभीर समस्या हैए क्योंकि अनेक वनस्पतियाँ और जीव.जंतु विलुप्ति के कगार पर हैं। इसके साथ हीए प्राकृतिक संसाधनों जैसे जलए वन और खनिजों का अत्यधिक दोहन पर्यावरणीय



संतुलन को बिगाड़ रहा है।इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक व्यक्ति में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।

पुस्तकालय समाज में ज्ञान के प्रसार का प्रमुख माध्यम है। यहाँ विभिन्न विषयों पर प्रामाणिक और व्यवस्थित जानकारी उपलब्ध होती है। पर्यावरण विज्ञानए जलवायु परिवर्तनए प्रदूषण नियंत्रणए जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास जैसे विषयों पर पुस्तकालय में विस्तृत साहित्य मिलता है।यह जानकारी केवल तथ्यात्मक ज्ञान तक सीमित नहीं होतीए बल्कि यह व्यक्ति को सोचनेए विश्लेषण करने और समस्याओं के समाधान खोजने के लिए प्रेरित करती है। इस प्रकार पुस्तकालय एक सशक्त ज्ञान केंद्र के रूप में कार्य करता है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैकृपर्यावरणीय साक्षरता। इसका अर्थ है पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के प्रति जागरूक होना।पुस्तकालय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहाँ उपलब्ध पुस्तकोंए पत्रिकाओं और शोध पत्रों के माध्यम से व्यक्ति पर्यावरणीय मुद्दों की गहराई को समझता है। इससे उसमें जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित होती है।

पुस्तकालय केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं रहताए बल्कि यह समाज को जागरूक करने का भी कार्य करता है। विभिन्न संगोष्ठियोंए कार्यशालाओं और प्रदर्शनों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण किया जाता है।विश्व पर्यावरण दिवसजैसे अवसरों पर आयोजित कार्यक्रम लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। इससे जनसहभागिता बढ़ती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

तकनीकी प्रगति के साथ पुस्तकालयों का स्वरूप भी बदल रहा है। आज इलेक्ट्रॉनिक पुस्तकालयों का महत्व बढ़ गया है। ई.पुस्तकें और ऑनलाइन शोध सामग्री के माध्यम से ज्ञान तक आसान पहुँच संभव हुई है।इससे कागज की खपत कम होती हैए जिससे पेड़ों की कटाई में कमी आती है। कागजरहित संस्कृति पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और पुस्तकालय इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

हरित पुस्तकालय वह होता हैए जो पर्यावरण के अनुकूल ढंग से निर्मित और संचालित होता है। इसमें सौर ऊर्जा का उपयोगए वर्षा जल संचयनए प्राकृतिक प्रकाश और वायु संचार जैसी सुविधाएँ शामिल होती हैं।ऐसे पुस्तकालय ऊर्जा की बचत करते हैं और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। साथ हीए यह समाज को प्रेरित करते हैं कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ संभव हैं।

पुस्तकालय अनुसंधान और नवाचार का आधार होता है। यहाँ उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से शोधार्थी नए विचारों और तकनीकों का विकास करते हैं।

## श्री राम नगरी...

केवल, से0नि0
सूचना अधिकारी

# अयोध्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ईको-टूरिज्म का किया जा रहा है विकास

आज के बढ़ते औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण में बदलते चक्र से व्यक्ति अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर बहुत से गंभीर बीमारियों से छुटकारा पा सकता है। भारतीय जीवनशैली में प्रकृति के साथ ताल-मेल बैठाकर जीने की कला को आदर्श माना गया है। इसी उद्देश्य को लेकर ईको-पर्यटन की अवधारणा सृजित की गई। जिसके अंतर्गत यह परिकल्पना विकसित की गई कि प्रकृति को हानि पहंुचाए बिना मानव एक आदर्श जीवन जी सकता है। उत्तर प्रदेश में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं सृजित की जा रही है, ताकि पर्यटक रमणीय एवं हरियाली से युक्त वातावरण में कुछ समय बिताकर अपनी दिनचर्या में बदलाव ला सकें। राज्य सरकार ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटकों के लिए उच्च स्तरीय पर्यटक सुविधाओं के सृजन के साथ पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए 16 परियोजनाएं शुरू की। सैलानियों एवं प्रकृति प्रेमियों के लिए लखनऊ से दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के बीच 27 सिंतबर, 2024 से वायुयान सेवा शुरू की गयी। जो पर्यटकों को कम समय में दुधवा पार्क की सैर करने के लिए में सहायक हो रही है। बड़ी संख्या में पर्यटक लखनऊ घूमने के बाद दुधवा की तरफ आकर्षित हो रहे है।

इसी प्रकार श्री राम नगरी अयोध्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ईको-टूरिज्म का विकास किया जा रहा है। अयोध्या में विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय की स्थापना की जा रही है, ताकि अयोध्या आने वाले पर्यटक यहां की ऐतिहासिक धरोहरों तथा गौरवशाली इतिहास से रूबरू हो सकें। इसके अलावा अयोध्या शोध संस्थान का अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के रूप में उच्चीकरण किया



जा रहा है। इस संस्था के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र, त्याग, बलिदान एवं मर्यादा को संरक्षित रखकर आगे वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके।

अब अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ साथ प्रकृति की हरियाली भी पर्यटको को आकर्षित कर रही है। शहर के कुमारगंज क्षेत्र में स्थित वनस्पति उद्यान को ईको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने के लिए परियोजना तैयार की गयी है। इस परियोजना पर लगभग 2.5 करोड़ रूपये की लागत आएगी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल की गयी है। यह विकास कार्य पर्यटन विभाग द्वारा कराया जाएगा। मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उ0प्र0 सरकार धार्मिक, पर्यटन के साथ-साथ ईको-टूरिज्म को भी बढ़ावा दे रही है। अयोध्या भगवान श्रीराम की नगरी के रूप में ही विख्यात नहीं है, बल्कि प्रकृति प्रेमियों और पर्यावरण अनुरागियों के लिए भी आकर्षक बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। वनस्पति उद्यान को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि यहां आने वाले पर्यटक प्रकृति का आनंद लेते हुए विशिष्ट अनुभव प्राप्त कर सके।

# परिवर्तन को तैयार दिखता बंगाल

बंगाल सिर्फ वोट नहीं डाल रहा है। वह अपने लोकतांत्रिक भविष्य की नई दिशा भी तय करता दिख रहा है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के सघन संशोधन का जो अभियान चलाया, उससे राज्य भर से बड़े पैमाने पर संदिग्ध, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया का सख्त और पारदर्शी होना केवल मतदान तक सीमित नहीं है। यह उस औपचारिक राज्य की वापसी है, जो लंबे समय तक स्थानीय शक्ति संरचनाओं के पीछे छिप गया था। मतदाता परिणाम और सुशासन के आधार पर सत्ता की वैधता तय करना चाहता है।

राजनीति विज्ञान का एक सीधा नियम है कि जहां अनौपचारिक शक्ति संरचनाएं और सिंडिकेट हावी होते हैं, वहां राज्य की औपचारिक क्षमता पूरी तरह कमजोर हो जाती है। यही स्थिति बंगाल में निवेश और विकास की सबसे बड़ी बाधा बन गई है। जो बंगाल कभी औद्योगिक उत्पादन का प्रमुख केंद्र था, वह आज रोजगार देने में काफी पिछड़ चुका है। जब भी कोई नया कारखाना या उद्यम शुरू होता है, स्थानीय बाहुबली उसमें दखल देते हैं। इससे निवेशक पीछे हटने पर मजबूर हो जाते हैं। जनता अब ऐसा तंत्र चाहती है, जो पारदर्शी हो और औपचारिक अर्थव्यवस्था को मजबूती दे। यह चुनाव एक गहरे सामाजिक और पीढ़ीगत बदलाव का भी गवाह बन रहा है। नई पीढ़ी राजनीतिक निष्ठा के बजाय अवसरों के आधार पर प्राथमिकताएं तय कर रही है। आज का युवा मतदाता पारंपरिक झंडों और नारों का मोहताज नहीं है। उसे एक ऐसा तंत्र चाहिए जिस पर वह विश्वास कर सके। वह बेंगलुरु, पुणे या दिल्ली जैसी सुविधाओं और अवसरों को अपने ही राज्य में देखना चाहता है।

**रामानंद शर्मा**

## जरा हटके

## वैज्ञानिक टॉमस ...

डा. विनोद बब्बर

# प्रकृति को तबाह तो नहीं कर देगी?

# मछलियों में 'कोकीन' की लत

नशीली दवाओं की लत अब केवल इंसानों तक ही सीमित नहीं रही है. स्वीडन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा खुलासा किया है जो सोचने पर मजबूर कर देगा. हाल ही में हुए एक शोध में पता चला है कि नदियों में घुल रही ''कोकीन'' की वजह से सैल्मन मछलियां नशे की गिरफ्त में आ गई हैं लेकिन चौंकाने वाली बात सिर्फ यह नहीं है कि वे नशा कर रही हैं बल्कि यह है कि इस नशे के बाद उनका व्यवहार पूरी तरह बदल गया है। वे पहले से कहीं ज्यादा फुर्तीली और ''हाई'' नजर आ रही हैं जो सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन पर्यावरण के लिए एक खतरे की घंटी बताई जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में पर्यावरण विषविज्ञानी जैक ब्रांड ने स्वीडन में मछलियों पर एक खास रिसर्च शुरू की। उन्होंने यह देखने के लिए कि अवैध दवाओं का कचरा पानी में रहने वाली मछलियों को कैसे प्रभावित करता है, कई सैल्मन मछलियों को कोकीन की खुराक दी। इसके लिए उन्हें स्थानीय प्रशासन से अनुमति लेने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। यह शोध ''करंट बायोलॉजी'' जर्नल में प्रकाशित हुआ है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। डॉ. ब्रांड और उनकी टीम ने स्वीडन की एक झील ''वैटर्न'' में 2 साल की सैल्मन मछलियों को छोड़ा। इन मछलियों के शरीर में छोटे कैप्सूल लगाए गए थे जो धीरे-धीरे कोकीन और उसके उप-उत्पाद ''बेंजोइलेकगोनिन'' को रिलीज करते थे। यह मात्रा उतनी ही रखी



गई थी जितनी आमतौर पर प्रदूषित नदियों में पाई जाती है। वैज्ञानिकों ने पाया कि जो मछलियां कोकीन के प्रभाव में थीं, वे सामान्य मछलियों की तुलना में बहुत तेज तैर रही थीं और बहुत अधिक दूरी तय कर रही थीं।

रिसर्च में सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात कोकीन नहीं बल्कि उसका उप-उत्पाद ''बेंज़ोइलेकगोनिन'' रहा। यह वह तत्व है जो शरीर में कोकीन के टूटने पर बनता है। रिसर्चर्स ने देखा कि जिन मछलियों को इस तत्व की खुराक मिली, वे शुद्ध कोकीन लेने वाली मछलियों से भी कहीं ज्यादा सक्रिय हो गईं। वे प्रति सप्ताह सामान्य मछलियों की तुलना में लगभग दोगुनी दूरी तय कर रही थीं। इसका मतलब है कि कोकीन का बचा हुआ कचरा असली ड्रग से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है।

वैज्ञानिक टॉमस ब्रोडिन के अनुसार अगर हम सिर्फ कोकीन पर ध्यान देंगे, तो हम उसके खतरनाक अवशेषों के पारिस्थितिक प्रभावों को नजरअंदाज कर देंगे। यह सिर्फ एक मछली की बात नहीं है। दुनिया भर के जल निकायों में इंसानों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रोजैक, एडविल और बेनिड्रिल जैसी दवाएं पाई जा रही हैं। इससे पहले के एक शोध में पाया गया था कि एंटी-एंजायटी दवाओं के संपर्क में आने वाली मछलियां निडर हो जाती हैं, जिससे शिकारियों द्वारा उन्हें खाए जाने का खतरा बढ़ जाता है।

विशेषज्ञ जेम्स मीडर के अनुसार, मछलियों के व्यवहार में कोई भी बदलाव उनके लिए हानिकारक होता है। इससे उनकी एनर्जी बेवजह खर्च होती है और पर्यावरण में उनका संतुलन बिगड़ जाता है। अमेरिका जैसे देशों में हर दिन अरबों गैलन वेस्ट वाटर को प्रोसेस किया जाता है लेकिन इन दवाओं को पूरी तरह से हटाना बहुत महंगा और जटिल काम है। हालांकि, वैज्ञानिक इस दिशा में नई तकनीक विकसित करने पर काम कर रहे हैं ताकि पानी को इन कैमिकल्स से मुक्त किया जा सके।

# भाव धारा

भारतीय दर्शन, विशेषतः आत्मवादी दर्शन की यह विशेषता रही हैं कि आदमी संकोच करता हैं । वह सोचता हैं कि मैं गलत काम तो नहीं कर रहा हूं, मेरा अगले जन्म में क्या होगा ? मेरा कर्म मुझे क्या कटु फल देगा ? यह चिंतन बुरा काम करने से रोकता हैं । वह जहां यह सिद्धांत नहीं हैं, वहां रोकने वाली भीतर की शक्ति भी समाप्त हो जाती हैं । आदमी कहां चला जाता हैं ? किस भूमिका पर चला जाता हैं ? सोचा नहीं जा सकता । यह भावों का एक वेग हैं । मन से ऊपर भावों का वेग हैं । किस प्रकार का भाव बनता हैं और किस प्रकार मन, वाणी और शरीर उसका साथ देते हैं एक बड़ा अध्ययन का विषय हैं । हम अपना मन पुलकित इष्ट स्मरण से करें । वह इष्ट के स्मरण का इतना प्रभाव होता हैं की रोग-शोक-संकट सब हर जाते हैं। हम गुण-सेवा-हित समाज और वैचारिक समन्वय आदि में जीवन जीते है। भूत,भविष्य वर्तमान हमारी श्रद्धा,समर्पण स्व शिखर चढ़ती हैं। हमें हमारे जीवन में अपने इष्ट अपने गुरु का स्मरण सदा रहे। वह जिनके नाम स्मरण की पुलकन से ऐसी अर्हत्ता प्राप्त हो जो , जो हमें बिन्दु से सिन्धु बनने की यात्रा में आगे बढ़ने हेतु विशेष उपयोगी बने । एक प्रसंग पेड़ की सबसे ऊंची डाली पर लटक रहा नारियल रोज नीचे नदी मैं पड़े पत्थर पर हंसता और कहता कि तुम्हारी तकदीर मैं भी बस एक जगह पड़े रहकर, नदी की धाराओं के प्रवाह को सहन करना ही लिखा है, देखना एक दिन यूं ही पड़े पड़े घिस जाओगे। मुझे देखो कैसी शान से ऊपर बैठा हूं? पत्थर रोज उसकी अहंकार भरी बातों को सुन अनसुना कर देता। समय बीता एक दिन वही पत्थर घिस घिस कर गोल हो गया और विष्णु प्रतीक शालिग्राम के रूप मैं जाकर, एक मन्दिर मैं प्रतिष्ठित हो गया एक दिन वही नारियल उन शालिग्राम जी की पूजन सामग्री के रूप मैं मन्दिर मैं लाया गया. शालिग्राम में नारियल को पहचानते हुए पत्थर ने कहा कि कहा भाई देखो! घिस घिस कर परिष्कृत होने वाले ही प्रभु के प्रताप से, इस स्थिति को पहुंचते हैं। सबके आदर का पात्र भी बनते है, जबकि अहंकार के मतवाले अपने ही दम्भ के डसने से नीचे आ गिरते है।

**> प्रदीप छाजेड़**

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगाई, डीएम ने बुलडोजर हटवाए, मदरसा प्रबंध कमेटी ने कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी

# ब्रिटिश मौलाना का मदरसा अब ढहाया नहीं जाएगा

**आदेश**

तमसा संकेत, एजेंसी

संतकबीर नगर। संतकबीरनगर में ब्रिटिश मौलाना शमशुल हुदा का अवैध मदरसा अब ढहाया नहीं जाएगा। डीएम आलोक कुमार ने बताया, हाईकोर्ट के आदेश पर ध्वस्तीकरण का काम अगले आदेशों तक रोक दिया गया है। आगे हाईकोर्ट के आदेश पर विधिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मदरसा प्रबंध कमेटी ने कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। प्रशासन ने बुलडोजर, पोकलेन मशीनें हटा ली हैं। बीते दो दिनों में प्रशासन ने मदरसे को लगभग ढहा दिया है। रविवार को 13 घंटे तक कार्रवाई चली थी। चारदीवारी और 10 से अधिक पिलर तोड़े गए थे। पीछे का करीब 15 फीट हिस्सा और कमरों की आगे-पीछे की दीवारें ढहा दी गई थीं। प्रशासन ने सोमवार सुबह 10 बजे दूसरे दिन की कार्रवाई शुरू की। आगे के हिस्से को तोड़ने के लिए 2 पोकलेन मशीनें और 5 बुलडोजर लगाए गए, लेकिन




### दो घंटे से ड्रिल मशीन के इंतजार में थमी ध्वस्तीकरण कार्रवाई

पिछले दो घंटे से ड्रिल मशीन के इंतजार में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रुकी हुई है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है- गोरखपुर से ड्रिल मशीन मंगवाई गई है। मशीन आने के बाद ही आगे की कार्रवाई शुरू हो सकेगी।

थोड़ी देर बाद एक पोकलेन मशीन में खराबी आ गई। इसके बाद करीब एक घंटे तक कार्रवाई चली, लेकिन मदरसे के पिलर नहीं टूट पाए। फिर प्रशासन ने बुलडोजर और पोकलेन मशीनों को रोक दिया था।

### शमसुल हुदा खान फिलहाल ब्रिटेन में, वहां की नागरिकता ले रखी

शमसुल हुदा खान फिलहाल ब्रिटेन में रह रहा है। उसने ब्रिटिश नागरिकता ले रखी है। हालांकि, उसकी पत्नी सकलैन खातून, बेटा तौसीफ रजा, बहू नसरीन खलीलाबाद में रहते हैं।

मौलाना 2017 में देश छोड़कर गया था। इसके बावजूद वह 10 साल तक आजमगढ़ के एक मदरसे से वेतन लेता रहा। बाद में अधिकारियों की मिलीभगत से उसने वीआरएस ले लिया।

करीब पांच महीने पहले मामला सामने आने के बाद अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था।

### प्रशासन ने मदरसा साइट से हटाए बुलडोजर

संतकबीरनगर में खलीलाबाद क्षेत्र के मोतीनगर मोहल्ले में अवैध रूप से निर्मित मौलाना शमशुल हुदा खान के अवैध मदरसे पर चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सोमवार को हाईकोर्ट के आदेश पर रोक दी गई। रविवार को सुबह शुरू हुई यह कार्रवाई करीब 13 से 14 घंटे तक चली। जिसके बाद कोर्ट से अंतरिम राहत मिलने पर प्रशासन ने तत्काल मशीनें हटा ली।



प्रशासन का कहना था कि बुलडोजर और पोकलेन से मशीनों से मदरसे के स्ट्रक्चर को तोड़ने में काफी परेशानी हो रही है।

**मौके पर मौजूद मोहन राजभर ने बताया- मौलाना ने इस बिल्डिंग को बहुत मजबूती और अच्छी क्वालिटी के साथ बनाया था ताकि इसे 10-20 मंजिला तक बनाया जा सके और कोई प्रभाव न पड़े।**

# डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

**दोषमुक्त प्रकरणों पर सख्ती, प्रभावी पैरवी एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश**

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवम पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में अभियोजन कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गत माह में दोषमुक्त हुए प्रकरणों की एक-एक कर समीक्षा करते हुए सभी अभियोजकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी अपराधी अभियोजन की कमजोरी के कारण दोषमुक्त न होने पाए।

समीक्षा के दौरान अपने ही बयानों से मुकर जाने वाले वादियों के विरुद्ध धारा 22 के अंतर्गत कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में विधिक प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए आवश्यक प्रकीर्ण वाद दर्ज कराए जाएं तथा इस प्रकार के मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित प्रकरणों की विशेष समीक्षा करते हुए सभी अभियोजकों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में न्यायालय में प्रभावी, ठोस एवं तथ्यपरक पैरवी सुनिश्चित की जाए, जिससे अपराधियों को कठोर सजा दिलाई जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गैंगेस्टर एक्ट के बेस मुकदमों में भी किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा विवेचना, साक्ष्य संकलन एवं अभियोजन के प्रत्येक चरण में पूरी गंभीरता के साथ कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोज-कगण अपनी जिम्मेदारियों का ईमान-दारीपूर्वक निर्वहन करते हुए न्यायालय में सरकार का पक्ष मजबूती से रखें, ताकि संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके।

**फास्ट न्यूज**

### वाराणसी में बसों-मालवाहक और 4-व्हीलर को नो-एंट्री

वाराणसी । वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले ट्रैफिक पुलिस ने शहर में ट्रैफिक एडवाइजारी लागू कर दी है। शहर में सुरक्षा के साथ बेहतर यातायात के लिए कठोर कदम उठाए गए हैं। पुलिस ने वीवीआईपी मूवमेंट को सुचारू करने के लिए शहर में बसों और चार पहिया वाहनों की इंट्री रोक दी है। कार्यक्रम में शामिल बसों को छोड़कर सभी रोडवेज, सवारी और टूरिस्ट बसों को शहर के बाहर ही रोक दिया जाएगा।

### वाराणसी में जमीन बंटवारे में किसान की पीट-पीटकर हत्या

वाराणसी। वाराणसी में सोमवार को जमीन के बंटवारे और विवाद में पट्टीदारों ने किसान की पीटकर हत्या कर दी। विवाद के दौरान हमलावरों ने उसके सिर पर फावड़ा से हमला कर दिया, जिससे सिर फटने से किसान लहूलुहान होकर अचेत हो गया। उसे बचाने के प्रयास में उसके पुत्र समेत कई अन्य लोग भी घायल हो गए। विवाद के बाद परिजनों ने रोहनिया पुलिस को घटना की जानकारी और घायल को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर बीएचयू रेफर कर दिया। बीएचयू में इलाज के दौरान मंगलवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया।

### महिला की सिर कूचकर हत्या

वाराणसी। वाराणसी में हमलावरों ने महिला की सिर कूचकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसके शव को लोहता थाना क्षेत्र के खेतों में फेंक दिया। पहचान मिटाने के लिए उसके सिर और चेहरे पर पत्थर से वार किए गए। वारदात को अंजाम देकर हत्यारे मौके से भाग निकले। फिलहाल पुलिस ने शव की शिनाख्त नईसड़क थाना दशाश्वमेध निवासी परवीन बानों (35) के रूप में हुई है।

# ई- रिक्शा पर लगाम कसने में विफल

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। एक सवाल ! जागरूकता की कमी, क्या चालकों को यातायात नियमों की जानकारी नहीं ? बेशक बड़ी खूबी ! यह अचानक से कहीं भी मोड देते हैं शायद जिसे त्रिकालदर्शी भी नहीं भाप सकते है। अब तो हद करदी ! अफसोस ! एक दो नहीं बीते तीन वर्षों से बैट्री बचाने के लिए ई-रिक्शा चालक लाइट को बंद करके चलते हैं। सोचनीय विषय ! चालकों की मनमानी जारी , हैरत की बात कि समय समय पर आधी सड़क पर कब्जा रहता । अक्सर एक स्थान से दूसरें स्थान लियें ई-रिक्शा से गन्ना की ढोलाई के लिये उपयोग करते। अभी कल रात्रि में देंखा गया , शहर के बस अड्डे से दूसरें स्थान को ई-रिक्शा के द्वारा ऐसा सूत्रों ने बताया कि कम्पनी बाग पास एक अन्य स्थान से भी गन्नें की ढोलाई का काम होता हैं । प्रायः ! कभी



कभी ई-रिक्शा पर सात , आठ की सख्या में सवारियॉ रहती हैं । शहर में दिन प्रतिदिन ई-रिक्शा की संख्या में बढ़ोतरी हो रही हैं । चर्चायें ऐसी भी इंश्योरेंस व चलाने का लाइसेंस हैं या नहीं , अवश्य जांच का विषय हैं । अपितु एक प्रश्न सबको उलझाए सा कैसे सुरक्षित रह कर यातायात का आवागमन करें ? दियें गयें दृश्य में देख सकते उपरोक्त ई-रिक्शा की आवागमन की गति बंद रहती हैं लाइटें । सूत्रों को माने तो बैट्री बचाने के लिए शहर में लाइट बंद रखतें हैं । लोग दबी जुबान से कह रहें कि जिम्मेदार , ई- रिक्शा पर लगाम कसने में विफल दिखाई दे रहें हैं ।

### जगह-जगह कूलिंग सेंटर बनाए लखनऊ में शेर की खुराक आधी, 17 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

# दुनिया में सबसे गर्म बांदा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/ वाराणसी/ प्रयागराज/ बांदा। यूपी में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। आधे से ज्यादा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। पारा 47C के पार पहुंच गया है। बांदा 47.6C तापमान के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। इससे पहले यहां 30 अप्रैल 2022 और 25 अप्रैल 2026 को पारा सबसे ज्यादा 47.4C रिकॉर्ड किया गया था। बांदा में प्रशासन ने स्कूलों की एक घंटे पहले छुट्टी करने का फैसला किया है। अब क्लासेस सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक चलेंगी। जगह-जगह 14 कूलिंग सेंटर बनवाए हैं। लोगों के लिए कूलर, ठंडे पानी और हीट-स्ट्रोक से बचाव के इंतजाम हैं।




**मौसम को लेकर स्टूडेंट आकांक्षा ने कहा कि झांसी का तापमान हमेशा से ज्यादा रहता है। इसके चलते लोगों को काफी परेशानी होती है। अभी एग्जाम भी चल रहे हैं। इससे बच्चे परेशान हैं। बच्चों को काफी हेल्थ इशूज हो रहे हैं।**

### बांदा शहर में 14 कूलिंग सेंटर बनाए गए

बांदा में भीषण गर्मी और लू से लोगों को बचाने के लिए 14 जगहों पर कूलिंग सेंटर बनाए गए हैं। जिला प्रशासन ने ये कूलिंग सेंटर बाजार और चौराहों के आसपास बनवाए हैं। हर सेंटर पर एक कूलर, चार-पांच कुर्सियां और ठंडे पानी की व्यवस्था है। लोग इसमें जाकर आराम कर सकते हैं। वहीं, दोपहर 12 बजे के बाद बांदा में सड़कें सूनी हो गईं। इक्का–दूक्का लोग ही सड़कों पर दिखे। लगातार तीन दिन से यही स्थिति है।

### प्रयागराज में कक्षा 9 से 12 तक के स्कूलों का भी समय बदला

भीषण गर्मी की वजह से प्रयागराज में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई है। कक्षाएं अब सुबह 7.30 बजे से 12.30 बजे के बीच चलेंगी। इससे पहले 8वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदलकर 7.30 बजे से 12.30 बजे तक कर दी गई थीं।



प्रयागराज में दिन के समय ट्रांसफॉर्मर को ठंडा रखने के लिए कूलर लगाया गया है। ताकि आग लगने की आशंका को रोका जा सके।

### गोरखपुर में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल

गोरखपुर में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। हालांकि, मंगलवार को पिछले कुछ दिनों की तुलना में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हवाओं की रफ्तार भी धीमी है, जिससे लू से राहत मिली है।

लेकिन, दोपहर में उमस भरी गर्मी महसूस हो रही है। पसीने से लोग परेशान हैं। बाहर निकलने वाले लोग खुद को दुपट्टा, गमछा, छाता और अन्य तमाम चीजों से ढक कर निकल रहे हैं।

मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि बुधवार से बारिश के आसार हैं, जिससे गर्मी से हल्की राहत मिलेगी। आज का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 12 साल पहले शादी, पति से तलाक के बाद 3 साल से मायके में थी

# कानपुर में दो बेटियों संग मां ने खाया जहर, मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में एक महिला ने अपनी दो बेटियों के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। वहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया है। महिला अपने दोनों बेटियों के साथ तीन साल से मायके में रह रही थी। घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र की है। महाराजपुर के नजफगढ़ निवासी रामपाल गुजरात की कपड़ा की एक फैक्ट्री में काम करते हैं। परिवार में पत्नी शांति देवी, बेटा प्रताप, धर्मेंद्र, जितेंद्र व इकलौती बेटी चांदनी थी। चांदनी (33) की शादी मैनपुरी के करहल, नगला सीताराम निवासी राकेश से 12 साल पहले हुई थी।दोनों



को दो बेटियां पायल (7) और ब्यूटी (5) हुईं। परिजनों के मुताबिक चांदनी का पति उसे पीटता था। इससे परेशान होकर वह 5 साल पहले मायके में रहने लगी थी। 3 साल पहले पंचायत के बाद दोनों में तलाक हो गया। तब से वह अपनी दोनों के बेटियों के साथ मायके में ही रह रही थी। वह गांव में रहकर मजदूरी करती थी। खुद ही दोनों बेटियों की परवरिश कर रही थी। चांदनी के भाई धर्मेंद्र ने बताया कि परिवार के एक हिस्से में वह पत्नी धीरेंद्र व दो बेटियों दिव्यांशी और दिव्या के साथ रहते हैं। दूसरे हिस्से में भाई जितेंद्र , उसकी पत्नी संध्या, बेटा लकी और बेटी अदिति के साथ रहता है।

### डीसीपी पूर्वी ने घर पहुंचकर जानकारी की, बोले वजह साफ नहीं

घटना की जानकारी पर डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे हैलट अस्पताल से महारा-जपुर को जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन बच्चियों के शवों को घर ले गए थे। अब शवों को पोस्टमार्टम के लिए लाया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



### डॉक्टर के कॉल पर भी नहीं पहुंची एंबुलेंस

घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। चांदनी के भाई धर्मेंद्र ने बताया कि उन्होंने डॉयल-108 पर कई फोन किया, लेकिन कोई भी रिस्पांस नहीं मिला। इसके बाद गांव के ही युवक ने तीनों को लेकर सरसौल सीएचसी पहुंचे। वहां तैनात डॉक्टरों ने 7 बार डॉयल–108 पर कॉल किया था। इसके करीब एक घंटे बाद एबुंलेंस मुहैया कराई गई।

जब तक वह हैलट अस्पताल पहुंचे, तब तक बहन व भांजियों की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने कहा कि अगर समय पर वह अस्पताल पहुंच जाती तो शायद उनकी जान बच जाती।

# पंचकूला में सब्जी विक्रेता की चाकू मारकर हत्या

### दिन में झगड़ा, रात को सीने पर किए दो वार

तमसा संकेत, एजेंसी

पंचकूला । हरियाणा के पंचकूला में सोमवार रात को एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मोहित के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के वाराणसी का रहने वाला था और फिलहाल राजीव कॉलोनी में रहकर सब्जी की रेहड़ी लगाता था।

पुलिस के अनुसार सोमवार को सब्जी मंडी की छुट्टी होने के चलते मोहित अपने दोस्तों के साथ कपड़े खरीदने के लिए बाजार गया था। इसी दौरान उसका अभिषेक उर्फ लोटा नामक युवक से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के कुछ समय बाद आरोपी ने न्यू इंदिरा कॉलोनी के सामने चौक पर मोहित पर चाकू से हमला कर दिया।

आरोपी ने मोहित के सीने पर दो वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से



घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत सेक्टर-6 अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मोहित का परिवार करीब डेढ़-दो महीने पहले गांव चला गया था और वह यहां अकेला रहकर काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर-14 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी महेंद्र ढांडा के अनुसार, आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

**जांच :** बरेली में पीसीएस-प्री पास महिला बनी ठग, बोली- नीली बत्ती में घूमने का शौक

# फर्जी आईएएस बनकर ठगी कर रही थीं 3 बहनें

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली । बरेली में फर्जी IAS अफसर बनकर ठगी करने वाली 3 बहनों को पुलिस ने पकड़ा है। इनमें से दो सगी बहनें और एक मामा की बेटी है। तीनों बहनें नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करती थीं।

एक बहन PHD कर चुकी है और पीसीएस प्री भी क्वालीफाई किया है। वहीं, दो अन्य बहनों ने एमए और बीएससी किया है। तीनों की शादी हो चुकी है। मामला बारादरी थाना क्षेत्र का है।

बारादरी थाने में नौकरी के नाम पर ठगी की कई शिकायतें आ रही थीं। एक शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर 27 अप्रैल को डेंटल कॉलेज रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास से तीन युवतियों डॉ. विप्रा शर्मा, दीक्षा पाठक और शिखा शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस ने उनके पास से फर्जी दस्तावेज, 7 चेकबुक, आईफोन और एक सफेद रंग की XUV700 कार बरामद की। कार पर 'ADM FR उत्तर प्रदेश सरकार' लिखा था।



पुलिस ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाली तीनों बहनों शिखा शर्मा, विप्रा शर्मा और दीक्षा पाठक को गिरफ्तार किया है।

### 26 अप्रैल को दर्ज हुई थी शिकायत

फाइक एन्क्लेव में रहने वाली प्रीति लयल ने 26 अप्रैल को बारादरी थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया- मेरी मुलाकात एक महिला से हुई। उसने अपना नाम शिखा पाठक बताया। शिखा पाठक ने मुझे बताया कि उसकी बहन डॉ. विप्रा शर्मा ADM FR है। वह पैसे लेकर सरकारी नौकरी लगवाती है। उसने UPSSSC के जरिए कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी दिलाने दावा किया। इस पर मैंने अपने परिचित आदिल खान, संतोष कुमार और मुशाहिद को भी इस बारे में बताया। चारों को नौकरी की जरूरत थी। इसलिए हम शिखा पाठक और विप्रा शर्मा से मिलने उनके घर गए। यहां उनके पिता वीरेंद्र कुमार शर्मा भी मौजूद थे। नौकरी लगवाने के नाम पर चारों लोगों से मिलकर करीब 11 लाख रुपए नकद और बैंक के जरिए ले लिए।

### दो सगी और एक ममेरी बहन कर रही थीं ठगी

बारादारी थाना क्षेत्र की रहने वाली शिखा शर्मा (40), विप्रा शर्मा (35) सगी बहनें हैं। दीक्षा पाठक (32) उनके मामा की बेटी है। तीनों की शादी हो चुकी है। शिखा शर्मा का तो तलाक भी हो चुका है। विप्रा और दीक्षा अपने पति के साथ रहती हैं। विप्रा शर्मा डबल एमए, पीएचडी और पीसीएस प्री क्वालीफाई कर चुकी है। वहीं, शिखा शर्मा ने एमए और दीक्षा पाठक ने बीएससी तक पढ़ाई की है। विप्रा शर्मा के साथ मिलकर ये दोनों साल- 2022 से ठगी कर रही थीं। आरोपी बहनों का कहना है कि उन्हें नीली बत्ती और महंगे शौक करना अच्छा लगता था। इसलिए ठगी करके वे अपने शौक भी पूरे कर रही थीं। पकड़े जाने के बाद तीनों बहनों का कहना है कि वे पढ़ी-लिखी हैं। अभी तक कोई नौकरी नहीं मिली। नीली बत्ती गाड़ी में चलने और महंगी चीजें खरीदने का शौक है। इसलिए फर्जी अधिकारी बनकर रह रही थीं। ठगी के रुपए से इन लोगों ने एक मकान खरीदा था। वहां बैठकर वे फर्जी जॉइनिंग लेटर करती थीं। इसके अलावा एक सफेद रंग की महिंद्रा XUV700 कार भी खरीदी।

# 33% नहीं तो 50% आरक्षण लेंगी महिलाएं : बाबा रामदेव

### बाबा रामदेव बोले- गुलामों वाली पढ़ाई खत्म होगी, शिक्षा मंत्री ने कहा- यह संत की लीला

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। बाबा रामदेव ने लखनऊ में भारतीय शिक्षा बोर्ड के रिजनल ऑफिस का उद्घाटन किया। इस मौके पर कहा-महिलाओं को 33% आरक्षण नहीं मिला तो वो 50% आरक्षण ले लेंगी। उनको दया का पात्र नहीं समझना चाहिए। महिलाएं पराक्रम, शौर्य, वीरता और स्वाभिमान से 50% का योगदान दे रही हैं। वहीं शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा- संत की लीलाओं को कोई जान नहीं सकता। भारतीय शिक्षा बोर्ड को संतों की लीला की तरह मानकर इसे अपनाएं।

महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की मांग थी। महिलाएं पराक्रम, शौर्य, वीरता और स्वाभिमान से 50% का योगदान दे रही हैं। अगर उन्हें 33% का आरक्षण नहीं मिला तो वो खुद 50% से आरक्षण ले लेंगी। महिलाओं को दया का पात्र नहीं समझना चाहिए। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा- जैसे डॉक्टर के पास जाते ही परिवार के सदस्य को हम उसे समर्पित करते हुए सिर्फ बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हैं। वैसे ही गुरु के समक्ष भी बच्चों को समर्पित करते हुए मन में कोई संशय नहीं रखना चाहिए। संत की लीलाओं को कोई जान नहीं सकता। ये भी एक लीला है। भारतीय शिक्षा बोर्ड को संतों की लीला की तरह मानकर इसे अपनाएं। हीं, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहला भारतीय बोर्ड है, जिसका बीज बाबा रामदेव ने बोया है।

बोर्ड के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह ने कहा- बोर्ड में प्रमुख शिक्षाविदों को शामिल किया गया है।




### महिलाओं को दया का पात्र नहीं समझे

महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की मांग थी। महिलाएं पराक्रम, शौर्य, वीरता और स्वाभिमान से 50% का योगदान दे रही हैं। अगर उन्हें 33% का आरक्षण नहीं मिला तो वो खुद 50% से आरक्षण ले लेंगी। महिलाओं को दया का पात्र नहीं समझना चाहिए।

### सरिया समेत मां अस्पताल ले गई, गोरखपुर में पतंग उड़ाते समय छत पर गिरा

# बच्चे के सीने में घुसी सरिया गर्दन से पार

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



गोरखपुर । गोरखपुर में छत पर लगी सरिया 14 साल के बच्चे के सीने और गर्दन के आर-पार हो गई। दरअसल, हर्ष सुबह-सुबह छत पर पतंग उड़ा रहा था। इस दौरान उसका पैर फिसला और वो छत पर अधूरे पड़े पिलर से निकली सरिया पर गिर गया। हर्ष दर्द की वजह से चीखने-चिल्लाने लगा।

बेटे की चीख सुनकर मां छत पर पहुंची। आवाज देकर परिवार के लोगों को बुलाया। परिवार ने पुलिस को सूचना दी। सरिया काटने वाले को बुलाया। उसने सरिया काटकर छत से अलग किया। मां बच्चे को सरिया समेत जिला अस्पताल लेकर पहुंची। इस दौरान बच्चा दर्द से कराहता रहा।

डॉक्टरों की टीम ने करीब 2 घंटे तक चले आपरेशन के बाद सरिया बाहर निकाली। डॉक्टर्स ने बताया- परिवार वालों ने समझदारी से काम लिया। सरिया निकालने की कोशिश नहीं की। इस वजह से खून नहीं बहा। घटना सोमवार सुबह 9 बजे तिवारीपुर थाना क्षेत्र के इलाहीबाग लाला टोली क्षेत्र की है।

इलाहीबाग के लाला टोली इलाके में अमरेश श्रीवास्तव का एक मंजिल का मकान है। वे वेटर का काम करते हैं। छत पर कुछ निर्माण अधूरा छूटा है। छोटे-छोटे पिलर से सरिया बाहर निकली हुई है। परिवार में पत्नी अदिति श्रीवास्तव के अलावा एक लड़की समेत 3 बच्चे हैं। हर्ष उनका सबसे बड़ा बेटा है। मकान में एक कमरा किराए पर दे रखा है।

मां अदिति ने बताया- सोमवार सुबह पति बाहर गए थे। करीब 9 बजे हर्ष छत पर खेल रहा था। दो बार उसे डांट कर नीचे लेकर आई। इसके बाद खाना बनाने लगी। छत पर जाने के लिए बनी सीढ़ियों के ऊपर 8 फीट की दीवार के सहारे टीनशेड का छज्जा है। ताकि बारिश का पानी और धूप सीढ़ियों पर न पड़े।

> जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. वीके सुमन ने बताया बच्चे के राइट साइड सीने में सरिया घुसकर गले के ऊपर से निकल गया था। बच्चे की हालत बहुत गंभीर थी। सर्जरी के लिए पूरी टीम बुलाई गई। तत्काल ऑपरेशन करने का फैसला लिया गया। करीब दो घंटे ऑपरेशन में बच्चे के शरीर से सरिया निकाली गई। बच्चे की हालत में अब सुधार है।



### बच्चा चिल्ला रहा था- आकाश भइया बचाइए

अदिति ने बताया- बेटा बोल रहा था कि आकाश भइया बचाइए। आकाश मेरे किराएदार का नाम है। आवाज सुनकर आकाश ऊपर आ गए। कहा कि सरिया निकालने से मौत हो सकती है। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पति को फोन कर पूरी बात बताई।

पास एक घर में काम कर रहे कारीगर को बुलाकर छड़ कटवाई। इस दौरान बेटा दर्द से छटपटा रहा था। चिल्ला-चिल्लाकर रो रहा था। मैं हर्ष को लेकर जिला अस्पताल लेकर गई और भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन के बाद छड़ निकाल दी।

## कोसीकलां में 600 किलो सिंथेटिक पनीर बरामद

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा। कोसीकलां क्षेत्र में खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मिलावटखोरी का भंडाफोड़ किया है। गोपाल बाग स्थित मुबारक डेयरी पर छापेमारी कर टीम ने करीब 600 किलो सिंथेटिक पनीर बरामद किया, जिसे मौके पर ही सील कर दिया गया। छापे के दौरान डेयरी से पाम ऑयल, रिफाइंड के कनस्तर और पाउडर भी बरामद हुए। जांच में यह भी सामने आया कि डेयरी में दूध का रखरखाव बेहद खराब स्थिति में किया जा रहा था, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे की आशंका जताई गई है।

खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि बरामद सामग्री मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती थी और इसे बाजार में सप्लाई करने की तैयारी थी। उन्होंने बताया कि डेयरी को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है और बरामद माल को नष्ट करने के आदेश दिए गए हैं।

अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही आसपास के कई डेयरी संचालक और पनीर विक्रेता अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से हटते नजर आए।

खाद्य विभाग ने मौके से नमूने भी एकत्र किए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से साफ है कि मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

**फास्ट न्यूज**

### आगरा डीपीएस मामले में आरोपी छात्र पर एफआईआर

आगरा । आगरा में डीपीएस शास्त्रीपुरम में पढ़ने वाले 10वीं के 2 छात्रों में मारपीट हो गई। एक छात्र ने दूसरे के मुंह पर कई पंच मारे। उसके 3 दांत तोड़ दिए, जबड़े में भी चोट आई है। उसके मुंह से खून निकलने लगा। इस घटना के तीन दिन बाद अब पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर दर्ज न होने पीड़ित छात्र के पिता ने डीएम से मुलाकात की थी।

### युवक की हत्या, तेजाब से झुलसा मिला

कानपुर । कैंट थानाक्षेत्र निवासी मोनू जायसवाल की हत्या कर दी गई थी। उनका शव शुक्लागंज में मिला था। इस घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है। मंगलवार शाम को परिजन उन्नाव में पोस्टमार्टम कराने के बाद मोनू का शव लेकर गोला घाट तिराहे पहुंचे। वहां उन्होंने शव रखकर सड़क जाम कर दी और प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के कारण लगभग चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। कैंट पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है।

### जेई की मेज पर बैठकर बीजेपी पार्षद ने नारेबाजी की

कानपुर। कानपुर दक्षिण के नगर निगम के जोन पांच के जोनल कार्यालय में मंगलवार को पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा। क्षेत्र में लाइटों की व्यवस्था न होने व अधिकारियों द्वारा मांग न सुने जाने के विरोध में पार्षद जोनल आफिस के मार्ग प्रकाश विभाग में जेई आशुतोष की मेज पर जाकर बैठ गए। वार्ड 51 बर्रा से बीजेपी के पार्षद सुधीर यादव ने मेज पर बैठकर माइक से मार्ग प्रकाश मुर्दाबाद, नगर आयुक्त होश में आओ के नारे लगाए।

## सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर जीआईसी दघेंटा में सेमिनार

### पुस्तक अध्ययन की घटती रुचि पर मंथन

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा (बलदेव)। राजकीय इंटर कॉलेज दघेंटा के पुस्तकालय में "सोशल मीडिया के बढ़ते प्रयोग के कारण पुस्तक अध्ययन में घटती रुचि" विषय पर एक विचारोत्तेजक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रति रुचि जागृत करना और सोशल मीडिया के प्रभाव पर गंभीर चिंतन करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश यादव ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का वास्तविक स्रोत हैं और इनके माध्यम से ही व्यक्तित्व का समग्र विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि सोशल मीडिया और ऑनलाइन अध्ययन सुविधाजनक अवश्य हैं, लेकिन वे पुस्तकों का स्थान नहीं ले सकते। अत्यधिक स्क्रीन टाइम से आंखों और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

सेमिनार में छात्र-छात्राओं— पार्थिव शुक्ला, निशा, मोहिनी, राजेंद्र एवं डॉली ने अपने विचार रखते हुए बताया कि सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग ने अध्ययन की आदतों को किस प्रकार प्रभावित किया है।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों— डॉ. अखिलेश यादव, जनार्दन राजभर, भवानी शंकर जांगिड़, बृजेश अग्निहोत्री एवं उमेश कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को नियमित पुस्तक अध्ययन तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### 2 लड़कों के साथ बाइक से आई थी ■ तमंचा ताना और बैग छीनकर भागी

# यूपी में बदमाश लड़की ने कर्मचारी से 10 लाख लूटे

**तमसा संकेत, एजेंसी**



फिरोजाबाद । यूपी के फिरोजाबाद में सोमवार को एक लड़की ने अपने दो बदमाशों के साथ मिलकर बीज भंडार के कर्मचारी से 10 लाख रुपए लूट लिए। लुटेरी लड़की बाइक से आई थी। बदमाशों ने बीच सड़क कर्मचारी की बाइक के सामने अपनी बाइक अड़ा दी। फिर एक ने तमंचा निकाला और कर्मचारी पर तान दिया। तभी लुटेरी लड़की ने कर्मचारी की बाइक गिरा दी। बाइक में बंधे बैग को झटके मारकर खींच लिया। दिनदहाड़े वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश एक बाइक पर बैठे और तमंचा लहराते हुए फरार हो गए। मामला सिरसागंज थाना क्षेत्र का है। वारदात का CCTV सामने आया है।

सराय शेख के रहने वाले बंटी कुमार (30) गणेश ट्रेडर्स बीज भंडार में कर्मचारी हैं। यह भंडार इटावा रोड पर है। बंटी कुमार सोमवार सुबह 10:45 बजे दुकान से 10 लाख रुपए लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा करने जा रहे थे।

### गणेश ट्रेडर्स के मालिक बोले- प्लानिंग के तहत लूट की

गणेश ट्रेडर्स के मालिक राजकुमार (30) ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनका कर्मचारी रोजाना की तरह कैश जमा करने बैंक जा रहा था और बदमाशों ने प्लानिंग के तहत उसे निशाना बनाया।

जैसे ही वह अध्यापक नगर में चौड़ी सड़क के पास पहुंचे, पीछे से एक बाइक पर सवार बदमाशों ने उनकी बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दी।

### बंटी पर बदमाशों ने तमंचा तान दिया



बाइक पर तीन लोग सवार थे, जिसमें दो युवक और एक लड़की थी। सबसे पहले बाइक पर पीछे बैठा बदमाश और लड़की नीचे उतरे। लड़के ने बंटी कुमार पर तमंचा तान दिया। इस दौरान बंटी अपनी बाइक आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं, लेकिन पीछे से लड़की उनकी बाइक को पकड़ लेती है। लड़की बाइक में लगे बैग को खींचकर निकालती है। डर के मारे बंटी साइड हट जाते हैं और किसी को फोन करने लगते हैं। तीनों बाइक पर फिर बैठते हैं। बड़े आराम से बाइक घुमाते हैं और वहां से भाग जाते हैं।

**एएसपी ग्रामीण अनुज चौधरी, थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह और सीओ अनिवेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने इलाके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाला। एएसपी ने कहा- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।**

### 10 गवाहों में शिवम मिश्रा के 4 बाउंसर भी शामिल, 4 सीसीटीवी फुटेज अहम साबित होंगे

# कानपुर लैम्बोर्गिनी केस में 180 पेज की चार्जशीट दाखिल

**तमसा संकेत, एजेंसी**




कानपुर। कानपुर के चर्चित लेम्बोर्गिनी केस में पुलिस ने 180 पेज की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है। पुलिस ने तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा के बेटे शिवम मिश्रा को आरोपी बनाते हुए 10 गवाहों को चार्जशीट में शामिल किया है। चार्जशीट में शिवम मिश्रा के साथ घटनास्थल पर मौजूद 4 बाउंसर भी गवाह बनाए गए हैं। साथ ही घटनास्थल पर लगे 4 सीसीटीवी फुटेज को भी अहम साक्ष्य के रूप में शामिल किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी शिवम मिश्रा ने खुद को चोटिल और बीमार बताकर फरार होने की कोशिश की थी। शिवम मिश्रा की ओर से कोर्ट में ड्राइवर को पेश किया गया था। उसने दावा किया था कि घटना के समय वही लेम्बोर्गिनी कार चला रहा था। हालांकि, पुलिस ने कोर्ट में आख्या में पेश की। उन्हों बताया गया कि घटनास्थल के वीडियो फुटेज और मौके पर मौजूद लोगों के बयानों के आधार पर घटना के समय लेम्बोर्गिनी कार शिवम मिश्रा ही चला रहा था। आरोपी पक्ष ने इस बात से इनकार किया था।

### फुटेज दिखाने पर बाउंसरों ने पहचान की

चार्जशीट में चमनगंज निवासी वादी तौफीक, बुलेट सवार ग्वालटोली निवासी सोनू त्रिपाठी, उनके मामा का बेटा विशाल, मौके पर मौजूद 3 दुकानदार और शिवम मिश्रा के 4 बाउंसर समेत कुल 10 गवाह शामिल हैं। इनमें वीआईपी रोड पर लेम्बोर्गिनी कार के पीछे चल रहे दो बाउंसरों और घटना के बाद ड्राइवर साइड का शीशा तोड़कर शिवम मिश्रा को कार से बाहर निकालने वाले दो अन्य बाउंसरों के बयान भी दर्ज किए गए हैं।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बाउंसर अपने बयानों से मुकर नहीं सकते, क्योंकि उनसे BNS की धारा 190 के तहत नोटिस पर हस्ताक्षर कराए गए हैं। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज और वीडियो दिखाने पर बाउंसरों ने खुद की पहचान करते हुए पूरी घटना की विस्तृत जानकारी दी।

### चार सीसीटीवी फुटेज बने केस के अहम सबूत

चार्जशीट में चार सीसीटीवी फुटेज को अहम साक्ष्य के रूप में शामिल किया गया है। पहली फुटेज में लेम्बोर्गिनी कार के साथ दो अन्य कारें वीआईपी रोड पर आगे-पीछे आती दिखाई दे रही हैं। दूसरी फुटेज में हादसे के बाद लेम्बोर्गिनी कार के पास BMW कार पहुंचती नजर आ रही है।

तीसरी फुटेज में बाउंसर लेम्बोर्गिनी कार का शीशा तोड़कर शिवम मिश्रा को बाहर निकालते दिखाई दे रहे हैं। वहीं चौथी फुटेज में बाउंसर शिवम मिश्रा को कंधे पर उठाकर BMW कार तक ले जाते हुए नजर आ रहे हैं।

## केजीएमयू में छेड़छाड़ के आरोपी डॉक्टर-आया को नौकरी से निकाला

**तमसा संकेत, एजेंसी**



**■ जांच समिति की रिपोर्ट पर एक्शन, अल्ट्रासाउंड के बहाने बैड टच किया**

लखनऊ। KGMU यूरोलॉजी विभाग में अल्ट्रासाउंड के दौरान महिला मरीज से छेड़छाड़ के आरोपी डॉक्टर को नौकरी से निकाल दिया गया है। आरोपी डॉक्टर की तैनाती पीपीपी मॉडल पर मशीन को चलाने के लिए निजी एजेंसी की तरफ से की गई थी। किरकिरी के बाद प्रशासन ने जांच कमेटी गठित की। जांच में पीड़िता के आरोप सही मिले। उसके बाद एजेंसी की तरफ से तैनात डॉक्टर और आउटसोर्सिंग पर तैनात वार्ड आया को नौकरी से निकला दिया गया है। काकोरी निवासी महिला को यूरोलॉजी संबंधी दिक्कत हुई। पहली अप्रैल को महिला मरीज इलाज के लिए KGMU पहुंची। यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टर ने मरीज को देखा। अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांच कराने की सलाह दी। महिला अल्ट्रासाउंड जांच के लिए यूरोलॉजी विभाग पहुंची। पीड़ित ने अल्ट्रासाउंड के दौरान एजेंसी के जरिए तैनात आयुष डॉक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। विभागाध्यक्ष से लिखित शिकायत की। काफी दिनों तक अधिकारी मामले को दबाए रखे थे। पीड़िता इंसाफ के लिए लगातार संघर्ष करती रही। इसके बाद KGMU प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित की। कमेटी ने पीड़िता के बयान दर्ज किए। साथ ही अन्य पहलुओं को देखा। प्रवक्ता डॉ.केके सिंह ने बताया- जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर एजेंसी के जरिए तैनात आयुष विधा के आरोपी डॉक्टर को KGMU से हटा दिया गया है।

पृष्ठ 01 का शेष...

### महिलाओं को सपा ...

पीएम ने संकल्प लिया तो पूरा भी करेंगे: भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा- प्रधानमंत्री ने चाहे हर घर शौचालय हो या उज्ज्वला योजना, इससे आपके आंसुओं को पोंछने का काम किया। लेकिन विपक्ष ने आपका रास्ता रोकने का काम किया है। लेकिन हमें पता है कि जब-जब पीएम ने संकल्प लिया, उसे पूरा किया है।

पीएम मोदी ने कहा, बेटियों के लिए थल-वायु और नभ सेना में नए अवसर मिले हैं। डिफेंस के दरवाजे भी बेटियों के लिए खोले हैं। भाजपा सरकार का मतलब ही यही है नारी का उत्थान। हर मोर्चे पर भारत की बेटियां अच्छा काम कर रही हैं। बेटियों की भूमिका बढ़नी चाहिए। देश को इसकी जरूरत है।

देश की नई संसद बनाने के पीछे भी बहनों की भागीदारी का विचार था। 40 साल से महिला का आरक्षण लटका था। हमने 2023 में नारी शक्ति अभिनंदन पारित किया। ये कानून लागू हो, इसके लिए चर्चा रखी।

सपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसी पार्टियों को देश की महिलाओं को धोखा दिया। ऐसे दलों ने 40 साल से महिला आरक्षण पर ब्रेक लगाया था। सपा ने फिर से इसे लाल झंडी दिखा दी है। असली बात यह है कि ये सारे परिवारवादी और तुष्टिकरण में डूबे दल नारी शक्ति से डरे हैं। आप सभी से डरे हैं। ये परिवारवादी डर, देश की बेटियों को विधानसभा-ससंद नहीं आने देना चाहते हैं।

### पीएम ने 2 अमृत ...

इस पूरी प्रक्रिया में आपने देखा होगा कि आप में से किसी को भी सिफारिश कराने की जरूरत नहीं पड़ी। न कोई सिफारिश, न कोई पैसा। आपकी योग्यता, आपकी क्षमता और आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भर्ती प्रक्रिया संपन्न की गई। परिणाम हम सबके सामने है।

### किसानों को मिलेगी ...

और शेष 105.16 करोड़ रुपये का भुगतान 4 मई को किया जाएगा। इसी प्रकार रबी 2025-26 मौसम की शेष 17.11 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का भी भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार 04 मई को कुल 122.28 करोड़ रुपये की राशि लाभान्वित किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी।

बता दें कि 21 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 'वन-क्लिक' के माध्यम से खरीफ 2025 की 285.00 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति 2.51 लाख किसानों को वितरित की गई थी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब तक कुल 67.86 लाख किसानों को 5755.68 करोड़ रुपये की राशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जा चुकी है। यह योजना ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित है, जिसमें खरीफ की प्रमुख फसलें जैसे धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, उर्द, मूंग, अरहर, मूंगफली, सोयाबीन व तिल तथा रबी की फसलों में गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी व आलू को कवर किया गया है।

### 'ईरान ढहने की ...

उन्होंने लिखा कि उन्हें भरोसा है कि ईरान इससे बाहर निकल जाएगा।

वहीं दूसरी तरफ ईरान के कहा है कि वह ट्रम्प का दबाव नहीं सहेगा। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाएई-निक ने कहा कि अमेरिका अब उस स्थिति में नहीं है कि दूसरे देशों को बताए कि उन्हें क्या करना चाहिए। साथ ही अमेरिका को अपनी गलत मांगें छोड़नी होंगी।

अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच फिलहाल सीजफायर लागू है, लेकिन संघर्ष खत्म करने की बातचीत अब तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है।

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में शामिल है। यहां से बड़ी मात्रा में तेल और गैस सप्लाई गुजरती है, इसलिए इस रास्ते पर तनाव का असर वैश्विक बाजार पर पड़ता है।

ईरान ने 26 अप्रैल को यह प्रस्ताव दिया था, जिसे ट्रम्प ने ठुकरा दिया था। इसके बाद ईरान ने अपनी रणनीति बदलते हुए कहा कि अभी कठिन मुद्दों को अलग रखा जाए। पहले युद्ध खत्म करने से जुड़े कदम उठाए जाएं, जैसे होर्मुज को खोलना और नाकेबंदी हटाना, और बाद में परमाणु कार्यक्रम जैसे जटिल मुद्दों पर बातचीत की जाए, जिसे 27 अप्रैल को एक बार फिर से ट्रम्प ने ठुकरा दिया।

### महिला सम्मान के ...

उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना से भाजपा से जुड़ी महिलाएं भी खुद को असहज महसूस कर रही हैं, क्योंकि बहन-बेटियों की सुरक्षा हर परिवार का मुद्दा है। सपा प्रमुख ने सरकार से मांग की कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ जल्द से जल्द निलंबन और बर्खास्तगी जैसी सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में की गई कार्रवाई सीधे तौर पर मुख्यमंत्री की छवि और उनके रुख को दर्शाएगी।

### यूपी पुलिस में होंगी ...

योगी ने कहा- पुलिस प्रदेश को गुंडा-मुक्त, दंगा-मुक्त और माफिया-मुक्त ही नहीं बना रही है, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति में भी अपनी भूमिका निभा रहा है। इसमें अप्रत्यक्ष रूप से पुलिस का बड़ा योगदान है, क्योंकि कानून का राज विकास की पहली गारंटी होता है। कानून के इस माहौल में ही बड़े निवेशक यूपी में निवेश कर रहे हैं। यह सब दिखाता है कि जब करने की इच्छाशक्ति होती है, तो परिणाम अपने आप सामने आते हैं। पुलिस बल से जुड़े हर कार्मिक को खुद को हमेशा फिट रखना जरूरी है। जब आप शारीरिक रूप से फिट रहेंगे, तो मानसिक रूप से भी मजबूत होंगे।

सीएम ने कहा- कुछ अभ्यर्थियों ने इस पूरी भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी अपनी सक्सेस स्टोरी साझा कीं। उनकी कहानियां बताती हैं कि वे चाहते थे कि उनकी भर्ती पूरी तरह ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ हो। यह भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की गई है। ऐसे में अब आपकी जिम्मेदारी बनती है कि उसी नीयत के साथ आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। यह याद रखना जरूरी है कि जब हर भारतीय नागरिक अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी से काम करता है, तभी विकसित भारत का सपना साकार होता है। किसी जाति, मजहब या व्यक्तिगत स्वार्थ का अहंकार राष्ट्र और राज्य से बड़ा नहीं हो सकता।

### गुजरात के सभी 15...

इस सीट पर 100% वोटर मुस्लिम हैं।

अहमदाबाद एलडीएस कॉलेज के काउंटिंग सेंटर के पास पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं की झड़प हुई। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को थप्पड़ भी मारा।

पीएम मोदी ने भाजपा की जीत के बाद सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

भेसन सीट पर बीजेपी के पूर्व विधायक भूपतभाई भयानी की हार हुई, आम आदमी पार्टी के दिनेश रूपारेलिया ने 1700 वोटों से हराया।

भाजपा ने राज्य के सभी 15 नगर निगमों में जीत दर्ज की। राजकोट, जामनगर, अहमदाबाद, भावनगर, सूरत और मोरबी में फिर कब्जा किया है। वहीं, 9 नए नगर निगमों - आणंद, गांधीधाम, मेहसाणा, मोरबी, नाडियाड, नवसारी, पोरबंदर-छाया, सुरेंद्रनगर-वधवाण और वापी में हुए पहले चुनाव में जीत दर्ज की है। 2021 के स्थानीय चुनाव में BJP ने शानदार जीत हासिल की थी। पार्टी नगर-पालिकाओं की 8,470 सीट में से 6,236 सीट जीती थीं। BJP ने तब सभी छह नगर निगमों के अलावा 81 नगरपालिकाओं, 32 जिला पंचायतों और 231 तालुका पंचायतों पर अपना दबदबा बनाए रखा था।

### धर्म पूछा, कलमा ...

दोनों घायल गार्डों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। महाराष्ट्र ATS ने उसके घर से ISIS से जुड़े नोट्स, एक लैपटॉप और कुरान की 3 कॉपियां बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हमला अकेले प्लान किया था।

## साउथ अफ्रीका ने आखिरी मैच 23 रन से जीता, कप्तान वोल्वार्ट ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

# भारतीय महिला टीम ने 1-4 से गंवाई टी-20 सीरीज

खेल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला टीम का साउथ अफ्रीका दौरा हार के साथ खत्म हुआ है। बेनोनी में सीरीज के पांचवें और आखिरी टी-20 में साउथ अफ्रीका ने भारत को 23 रन से हराया। इस जीत से मेजबान टीम ने सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली।

'फ्रीडम डे' पर साउथ अफ्रीका की जीत की स्टार कप्तान लॉरा वोल्वार्ट रहीं, जिन्होंने नाबाद 92 रन बनाए। भारत को 156 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम 20 ओवर में 132 रन ही बना सकी। भारती फुलमाली ने 40 रन बनाकर उम्मीद जगाई, लेकिन साथ नहीं मिला। ऋचा घोष 25 रन बनाकर नाबाद रहीं, पर टीम लक्ष्य से दूर रही। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले यह सीरीज भारत के लिए 'वेक-अप कॉल' रही। पूरी सीरीज में भारतीय गेंदबाज पावरप्ले में विकेट लेने के लिए संघर्ष करते दिखे। फील्डिंग भी चिंता रही, जहां भारत ने 12 कैच छोड़े। हालांकि, दीप्ति शर्मा का फॉर्म में लौटना और अनुष्का शर्मा का आत्मविश्वास सकारात्मक पहलू हैं। अब भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी, जो वर्ल्ड कप की तैयारी का आखिरी पड़ाव होगा।




### लॉरा वोल्वार्ड्ट ने एक सीरीज में सबसे ज्यादा 330 रन बनाए

साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट के लिए यह सीरीज ऐतिहासिक रही। उन्होंने 5 मैचों में 330 रन बनाए, जो किसी भी बाइलेटरल टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (276 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। वोल्वार्ड्ट ने चार बार 50+ स्कोर बनाए। आखिरी मैच में उन्होंने 30 गेंदों में फिफ्टी और 56 गेंदों में 92 रन बनाकर टीम को 155 तक पहुंचाया।



### वोल्वार्ट के अलावा कोई नहीं चला

एक समय साउथ अफ्रीका का स्कोर 14 ओवर में 97/3 था और टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में कसी गेंदबाजी की। दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह ने 2-2 विकेट लेकर मिडिल ऑर्डर को झकझोरा। मेजबान टीम ने 49 रन में 6 विकेट गंवाए। दीप्ति ने एनेरी डर्कसन और एनेके बॉश को आउट किया, जबकि रेणुका ने क्लो ट्रायोन और नादिन डी क्लार्क के विकेट लिए।

156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। स्मृति मंधाना को आराम दिए जाने के बाद शेफाली वर्मा के साथ अनुष्का शर्मा ओपनिंग करने उतरीं, लेकिन टीम ने 38 रन पर 3 विकेट गंवाए। शेफाली (10), जेमिमा (7) और अनुष्का (15) जल्दी आउट हो गईं।

# 48 घंटे पहले 264 रन बनाने वाली दिल्ली 75 पर ढेर

## बेंगलुरु की आईपीएल 2026 में छठी जीत

नई दिल्ली, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने IPL 2026 में छठी जीत दर्ज करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को 9 विकेट से हरा दिया। सोमवार को अरुण जेटली स्टेडियम में बेंगलुरु ने दिल्ली की पारी 75 रन पर समेट दी। दिल्ली ने 8 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद अभिषेक पोरेल ने 30 रन बनाकर टीम का स्कोर 16.3 ओवर में 75 तक पहुंचाया।

जवाब में बेंगलुरु ने 6.3 ओवर में एक विकेट पर 77 रन बनाकर मैच जीत लिया। देवदत्त पडीक्कल 34 और विराट कोहली 23 रन बनाकर नॉट आउट रहे।

इससे पहले बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड ने 4 विकेट लिए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भुवनेश्वर कुमार ने 3 विकेट झटके।

विराट कोहली ने इस पारी के दौरान 11 रन बनाते ही IPL में 9 हजार रन पूरे कर लिए। बेंगलुरु इस जीत के साथ 12 पॉइंट्स लेकर दूसरे स्थान पर है। वहीं दिल्ली के पास 8 मैच में 6 पॉइंट्स हैं। टीम सातवें स्थान पर है और नेट रनरेट भी (-1.060) कमजोर है। दिल्ली को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए बचे 6 मैच में कम से कम 5 जीतने ही होंगे।



छठे ओवर की आखिरी बॉल में विराट कोहली ने अक्षर पटेल की फ्लाइटेड गेंद को लॉन्ग-ऑफ की ओर सिंगल के लिए खेला और इसी के साथ उन्होंने IPL में 9000 रन पूरे कर लिए।

# 4 बैटर्स शून्य पर आउट

## आंधी ने 5 मिनट के लिए डाला खलल, घर पर आरसीबी ने दिल्ली को झकझोरा

नई दिल्ली। दो दिन पहले 265 रन बनाकर भी हार का दर्द झेल चुकी दिल्ली कैपिटल अभी उस सदमे से उबर भी नहीं पाई थी कि रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजों ने उसके जख्म और गहरे कर दिए। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली की बल्लेबाजी जिस तरह बिखरी, उसने इस सीजन की सबसे शर्मनाक तस्वीर पेश कर दी। दिल्ली 16.3 ओवर में केवल 76 रन ही बना सकी। जिसे आरसीबी ने एक विकेट खोकर प्राप्त किया। भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की अगुआई में आरसीबी के गेंदबाजों ने ऐसा तूफान खड़ा किया कि दिल्ली के बल्लेबाज टिकने का साहस ही नहीं जुटा सके। पहले ही ओवर में भुवनेश्वर ने डेब्यू कर रहे साहिल पारेख को बोल्ड कर खाता खोला, तो अगले ओवर में हेजलवुड ने केएल राहुल और समीर रिज़वी को चलता कर दिल्ली की रीढ़ तोड़ दी। इसके बाद जो हुआ, वह किसी भी टीम के लिए डरावने सपने जैसा था। विकेटों की झड़ी ऐसी लगी कि दिल्ली के बल्लेबाज आते गए और लौटते गए। पावरप्ले खत्म होने से पहले ही छह बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे और स्कोरबोर्ड पर सिर्फ 13 रन दर्ज थे जो आईपीएल इतिहास का सबसे कम पावरप्ले स्कोर बन गया।



### आरसीबी ने 9 विकेट से जीता मैच

आरसीबी की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तेज शुरुआत की। पावरप्ले में ही टीम ने 65 रन बना लिए थे। आरसीबी की बल्लेबाजी के दौरान ऐसा एक पल भी नहीं लगा यह वहीं पिच है जिस पर दिल्ली के बल्लेबाज रन बनाने के लिए तरस रहे थे। विराट कोहली और देवदत्त की तेज पारी के दम पर टीम ने 13.3 गेंद पहले ही मुकाबले खत्म कर दिया।

### रिंकू के 4 छक्कों पर झूमीं मंगेतर प्रिया सरोज

लखनऊ। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में क्रिकेटर रिंकू सिंह के लगातार 4 छक्कों पर उनकी मंगेतर सपा सांसद प्रिया सरोज में झूम उठीं। वह कुर्सी से उठकर खड़ी हो गईं। कोलकाता नाइट राइडर्स का झंडा लहराते हुए रिंकू को चीयर किया। कहा- वंस मोर।

प्रिया सरोज ने कहा कि आज रिंकू सिंह ने मेरे फादर इन ला (ससुर) के लिए शानदार पारी खेली है। आज हम उन्हें बहुत मिस कर रहे हैं। दरअसल, रिंकू के पिता खानचंद का 27 फरवरी को निधन हो गया था। वे फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। वो 60 साल के थे। प्रिया सरोज के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव की दोनों बेटियां अदिति और टीना भी मैच देखने पहुंची थीं। उन्होंने भी रिंकू को चीयर किया। रविवार को KKR ने लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) को सुपर ओवर में हरा दिया। मैच के हीरो रिंकू सिंह रहे। रिंकू ने 51 गेंद पर नाबाद 83 रन बनाए। फील्डिंग में 5 कैच लपके।

## प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दी मंजूरी, पब्लिक ट्रांसपोर्ट इस्तेमाल करने की सलाह

# पाकिस्तान सुपर लीग के प्ले-ऑफ में फैंस को एंट्री

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) 2026 के अंतिम चरणों के लिए स्टेडियम में दर्शकों को आने की अनुमति दे दी है। सोमवार के फैसले के तहत अब फैंस PSL के तीन प्ले-ऑफ मैचों और फाइनल का लुत्फ उठा सकेंगे। पहले सरकार ने केवल 3 मई को लाहौर में होने वाले फाइनल के लिए अनुमति दी थी, लेकिन फ्रेंचाइजी मालिकों की मांग पर अब पूरे प्ले-ऑफ राउंड के लिए मंजूरी दी गई है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी, जो आंतरिक मामलों के मंत्री भी हैं, ने इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री शरीफ से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। नकवी ने 'X' पर कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि फैंस मैच देखने आएं, लेकिन राष्ट्रीय बचत अभियान के तहत सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें या ईंधन की खपत कम रखें।



पिछले महीने PSL बिना दर्शकों के शुरू हुई, क्योंकि ईंधन महंगा होने के कारण लोगों को घर पर रहने की सलाह दी गई थी।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी, जो आंतरिक मामलों के मंत्री भी हैं, ने इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री शरीफ से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। नकवी ने 'X' पर कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि फैंस मैच देखने आएं, लेकिन राष्ट्रीय बचत अभियान के तहत सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें या ईंधन की खपत कम रखें।




इस्लामाबाद यूनाइटेड ने पहला PSL जीत था।

### ईरान युद्ध के चलते मैच बंद दरवाजों के पीछे हो रहे थे

इस साल पाकिस्तान का यह सबसे बड़ा स्पोर्ट्स टूर्नामेंट पिछले महीने 'बंद दरवाजों' के पीछे शुरू हुआ था। ईरान युद्ध के कारण ईंधन (Fuel) की कीमतें बढ़ रही थीं, इसलिए सरकार ने जनता से घरों में रहने और कम यात्रा की अपील की थी। इसी अभियान में PCB ने दर्शकों के स्टेडियम आने पर पाबंदी लगाई थी ताकि गाड़ियों का इस्तेमाल कम हो।

मनोरंजन

# युजवेंद्र चहल की प्रीति जिंटा से ओपनिंग बैटिंग की डिमांड

## पंजाब किंग्स की को-ऑनर बोलीं- आईपीएल खत्म होने पर कर लेना



नई दिल्ली। IPL 2026 में पंजाब किंग्स के शानदार प्रदर्शन के बीच, स्पिनर युजवेंद्र चहल ने टीम की को-ओनर प्रीति जिंटा से एक मैच में ओपनिंग करने की मांग की, जिसका प्रीति ने मजेदार जवाब दिया। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन इस सीजन में शानदार रहा है। टीम ने अब तक 7 मैचों में 6 जीत दर्ज की है, जबकि एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम ने IPL इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज भी पूरा किया। टीम के लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद, प्रीति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर फैंस से बातचीत करने का फैसला किया। उन्होंने फैंस से सवाल पूछने को कहा, जिस पर चहल ने अपनी इच्छा जाहिर की। चहल ने लिखा, 'मैम, एक मैच में बैटिंग ओपनिंग करने का मौका मिल जाए तो।' इस पर प्रीति जिंटा ने जवाब दिया, 'जरूर युजी। तुम्हारे लिए कुछ भी। IPL खत्म होने के बाद, तुम्हें जो भी मैच पसंद हो। मुझे यकीन है कि प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या को इससे कोई आपत्ति नहीं होगी।'



## मीरा नायर के डायरेक्शन में बन रही बायोपिक में प्रियंका

# 'वाराणसी' के बाद प्रियंका चोपड़ा की लग गई लॉटरी

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा के दोनों हाथ इस वक्त लड्डूओं से भरे हुए हैं। एक तरफ जहां ग्लोबल आइकॉन एक से बढ़कर एक हॉलीवुड प्रोजेक्ट कर रही हैं, तो वहीं दूसरी तरफ बॉलीवुड के द्वार भी अब एक्ट्रेस के लिए फिर से खुलने लगे हैं।

हिंदी सिनेमा की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा करीब 6 साल के बाद एसएस राजामौली निर्देशित फिल्म 'वाराणसी' से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं, जिसमें उनके अपोजिट महेश बाबू दिखाई देंगे। प्रियंका इस बीच कई बार अपने साक्षात्कार में कह चुकी हैं कि हिंदी सिनेमा में भी कुछ फिल्मों को लेकर बातचीत चल रही है। अब खबरें हैं कि 'मैरी कॉम' के बाद प्रियंका चोपड़ा एक और बड़ी बायोपिक में नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'अमरी' का एक हिस्सा ऐसा है जिसे मीरा नायर चाहती थीं कि प्रियंका चोपड़ा ही करें। इसी वजह से उन्होंने बीते साल देसी गर्ल से संपर्क किया था। प्रियंका कुछ दिनों पहले अमृतसर में अपने हिस्से की शूटिंग भी कर चुकी हैं। हैदराबाद में अपनी फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग से सीधा प्रियंका इसी काम के सिलसिले में अमृतसर गई थीं, जहां दो दिन उन्होंने फिल्म की शूटिंग की।



### सबसे लोकप्रिय महिला पेंटर की बायोपिक का बनेंगी हिस्सा

मिड-डे की एक रिपोर्ट की मानें तो, प्रियंका चोपड़ा अमृता शेरगिल की बायोपिक का हिस्सा बनने वाली हैं, जिसका टाइटल 'अमरी' (Amri) है। बता दें कि भारत और हंगरी की नागरिकता रखने वाली अमृता शेरगिल बीसवीं सदी की शुरुआत की सबसे प्रख्यात महिला पेंटर्स में से एक थीं। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार, मीरा नायर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में प्रियंका मेन लीड के तौर पर नहीं, बल्कि एक अहम किरदार में दिखाई देंगी। प्रियंका वर्तमान में हिंदी फिल्मों के साथ-साथ हॉलीवुड में खूब काम कर रही हैं, ऐसे में फिल्म में उनकी उपस्थिति एक वैश्विक स्टारडम जोड़ेगी।

## प्रीत सिंह ने मुंबई के क्लब में मारपीट होने का दावा किया, चेहरे की हालत बहुत खराब

# स्प्लिट्सविला कंटेस्टेंट का दांत टूटा, आंखों में सूजन आई

नई दिल्ली। टीवी शो स्प्लिट्सविला में नजर आईं प्रीत सिंह ने दावा किया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट की गई, जिससे उनका दांत टूट गया और आंखों में सूजन आ गई।

प्रीत ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए वीडियो में अपने चेहरे का क्लोजअप दिखाया, जिसमें उनके चेहरे की हालत बहुत खराब दिख रही है।

साथ ही कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मैंने हमेशा सुना था कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा स्वागत इस तरह होगा। अभी भी मैं कांप रही हूं, मेरी आंखें सूजी हुई हैं, चेहरा घायल है और मैं अब भी समझने की कोशिश कर रही हूं कि क्या हुआ।'



उन्होंने आगे लिखा, 'मैं अपने दोस्त के साथ एक क्लब में बैठी थी। तभी एक लड़की अचानक चिल्लाने लगी और पूछने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली। बात पहले बहस तक थी, लेकिन फिर उसके एक पुरुष दोस्त ने बीच में आकर हमारे साथ मारपीट की।' प्रीत ने यह भी लिखा कि उन्हें इतनी जोर से मारा गया कि उनका दांत टूट गया और चेहरा सूज गया। लोगों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। बाद में उन्हें पता चला कि वह लड़की खुद को इन्फ्लुएंसर बताती है। हालांकि, प्रीत ने अपनी पोस्ट में उस इन्फ्लुएंसर का नाम नहीं बताया। प्रीत सिंह MTV स्प्लिट्सविला सीजन 16 में 'पैसा विला' की एक कंटेस्टेंट के रूप में नजर आई थीं। शुरुआत में, कंटेस्टेंट्स को दो अलग-अलग विला, प्यार विला और पैसा विला में बांटा गया था, जिनका बाद में मर्जर हो गया। कुछ एपिसोड पहले वह शो से बाहर हो गई थीं।

### स्प्लिट्सविला 16 के कंटेस्टेंट्स ने किया रिएक्ट

रुरु ठाकुर ने लिखा, 'यह बहुत गलत है। उम्मीद है तुम ठीक हो। अपना ध्यान रखो। तुम बहुत मजबूत हो।'

वहीं हिमांशु अरोड़ा ने कमेंट किया, 'प्रीत, अपना ध्यान रखो। अगर किसी चीज की जरूरत हो तो मुझे कॉल करना।'

> स्प्लिट्सविला 16 के कई कंटेस्टेंट्स ने इस घटना पर रिएक्ट किया। जालक गोहिल ने लिखा, 'वह रात हमारे लिए किसी डरावने सपने जैसी थी। मैं जानती हूं प्रीत ने क्या झेला। इस बारे में बोलने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए।'



## ब्राजील में स्टेज तैयार करते समय हुआ हादसा, सिंगर ने दुख जताया

# शकीरा के शो से पहले क्रू मेंबर की मौत



नई दिल्ली। ब्राजील में सिंगर शकीरा के अपकमिंग कॉन्सर्ट की तैयारियों के दौरान एक हादसा हो गया। रविवार को शो के लिए स्टेज तैयार करते समय गैब्रियल डी जीसस फिरमिनो नाम का एक क्रू मेम्बर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कॉन्सर्ट के ऑर्गनाइजर्स ने इसकी पुष्टि की है। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में शकीरा का यह कॉन्सर्ट 2 मई 2026 को होने वाला है। पीपल मैगजीन के अनुसार, यह हादसा रविवार दोपहर को हुआ, जब कर्मचारी शो के लिए स्ट्रक्चर तैयार करने वाली टीम का हिस्सा था। ऑर्गनाइजर्स ने इंस्टाग्राम पर एक बयान जारी किया, जिसमें बताया गया कि मृतक स्टेज बनाने का काम करता था और हादसे के बाद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। एंटरटेनमेंट वीकली के अनुसार, एक बयान में शकीरा ने कहा, 'मैं गैब्रियल डी जीसस फिरमिनो के परिवार, दोस्तों और साथ काम करने वालों के लिए बहुत दुखी हूं।' ऑर्गनाइजर्स ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर मौजूद फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स ने शुरुआती मदद दी। इसके बाद फायर डिपार्टमेंट को बुलाया गया और घायल कर्मचारी को अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

स्टेट फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसा लिफ्टिंग सिस्टम का इस्तेमाल करते समय हुआ। इस दौरान कर्मचारी के पैर बुरी तरह कुचल गए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। आयोजकों ने कहा कि पीड़ित के परिवार, संबंधित कंपनी और इस घटना से प्रभावित टीम के सदस्यों को हर संभव सहायता दी जा रही है।

### 75 घायल, 6 पाक सैनिकों की मौत के बाद किया जवाबी हमला, घायलों में यूनिवर्सिटी के छात्र, बच्चे और आम नागरिक शामिल

# पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर मिसाइल अटैक, 7 की मौत

**हमला**



**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी**

अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत कुनार में सोमवार को हुए हमलों में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 75 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में यूनिवर्सिटी के छात्र, बच्चे और आम नागरिक शामिल हैं।

BBC के मुताबिक स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि राजधानी असदाबाद में घरों के साथ-साथ सैयद जमालुद्दीन अफगानी यूनिवर्सिटी को भी निशाना बनाया गया। तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने आरोप लगाया है कि ये हमले पाकिस्तान की तरफ से किए गए। उनका कहना है कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुए इन हमलों में मोर्टार और रॉकेट दागे गए। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय का कहना है कि यूनिवर्सिटी और रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया। इससे TTP नाराज हो गया, वह इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था। TTP का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो उसके खिलाफ हमला करता है। TTP का अफगान तालिबान के साथ गहरा जुड़ाव है। दोनों समूह एक-दूसरे को समर्थन देते हैं। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने TTP को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले किए।

> **इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है।**

## पाकिस्तान के 6 सैनिकों की मौत, एक बंधक

इससे पहले रविवार को अफगानिस्तान के कंधार इलाके में पाकिस्तान के साथ सीमा पर फिर हिंसक झड़प की घटना हुई थी। खामा प्रेस ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि स्पिन बोल्डक इलाके में रात के दौरान दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हुई। इसमें पाकिस्तान के छह सैनिक मारे गए। तालिबानी लड़ाके एक सैनिक को बंधक बनाकर ले गए। पाकिस्तानी सैनिकों के हथियार भी लेकर चले गए।

हालांकि, इन दावों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि देर रात पाकिस्तान की तरफ से सीमा पार फायरिंग हुई, जिसमें एक स्थानीय बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद तालिबान ने जवाबी हमला किया।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जंग जैसे हालात

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में इस साल संघर्ष की शुरुआत 22 फरवरी को हुई थी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में TTP के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 27 फरवरी को पाकिस्तान पर हमला किया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को 'सही समय पर कड़ा जवाब' दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे।



अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर पाकिस्तानी हमले के बाद धमाके का फुटेज। फोटो 17 मार्च की है।

## मार्च में दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ

दोनों देशों के बीच पहले से ही तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान ने मार्च में राजधानी काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर भी हमला किया था, जिसमें 400 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा किया गया था।

दोनों देशों के बीच मार्च में एक सीजफायर हुआ था, जिससे कई हफ्तों से चल रही खूनखराबे वाली झड़पें रुकी थीं, लेकिन अब हालात फिर बिगड़ते दिख रहे हैं। चीन के अलावा तुर्किए, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब भी इस विवाद को खत्म कराने की कोशिश कर चुके हैं।

### अपनी पार्टी का विलय करेंगे, 2021 में बेनेट-लैपिड ने मिलकर बेंजामिन को हराया था

# इजराइल में नेतन्याहू को हटाने एकजुट हुए दो पूर्व प्रधानमंत्री

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों नफ्ताली बेनेट और येर लैपिड ने मौजूदा पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ एक साथ चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उनका मकसद लंबे समय से सत्ता में रहे नेतन्याहू को हटाना है। दोनों पहले भी 2021 में साथ आए थे और उन्होंने अलग-अलग विचारधाराओं वाली पार्टियों को जोड़कर 12 साल से चली आ रही नेतन्याहू की सत्ता गिरा दी थी।



## 2022 में टूट गया था गठबंधन

2021 में हुए समझौते के तहत पहले बेनेट प्रधानमंत्री बने और बाद में लैपिड को यह जिम्मेदारी संभालनी थी। हालांकि यह सरकार बहुत कम बहुमत पर टिकी थी।

इसमें दक्षिणपंथी, वामपंथी, मध्यमार्गी और एक अरब पार्टी शामिल थी। इनकी अलग-अलग विचारधारा वाली इन पार्टियों में सुरक्षा, फिलिस्तीन और बस्तियों जैसे मुद्दों पर सबकी सोच अलग थी, जिससे बार-बार टकराव होता रहा।

# पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की आंखों में दिक्कत

## इलाज के बाद वापस जेल भेजे गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान काफी लंबे समय से भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद है। इमरान खान की दाईं आंख का इलाज हुआ है, जिसके बाद आज मंगलवार को उन्हें वापस जेल भेज दिया गया है।

74 वर्षीय इमरान खान को इस साल जनवरी के आखिर में 'राइट सेंट्रल रेटिनल वेन ऑक्लूजन' (CRVO) का पता चला था और उन्हें पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (PIMS) लाया गया था। यहां उन्हें एक एंटी-VEGF इंजेक्शन दिया गया। यह इलाज हर महीने दोहराया जा रहा है।PIMS के प्रवक्ता के मुताबिक, इमरान खान को 28 अप्रैल को आंखों के आगे के इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था, जिसके दौरान उन्हें चौथा इंट्राविट्रियल इंजेक्शन दिया गया।



PIMS के प्रवक्ता ने बताया, 'इलाज से पहले, आंखों के डॉक्टर ने उनकी जांच की और उन्हें चिकित्सकीय रूप से स्थिर पाया।' इलाज के चौथे चरण की प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इमरान खान को वापस जेल भेज दिया गया है।

मेडिकल की तरफ से आगे जानकारी दी गई कि इमरान की ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी की गई है, जिसमें चिकित्सकीय सुधार दिखाई दिया। सर्जनों की देखरेख में माइक्रोस्कोपी की मदद से इमरान खान को इंट्राविट्रियल इंजेक्शन की चौथी खुराक दी गई है।

## इटली में एक मजाक के लिए ऐतिहासिक 'फाउंटेन ऑफ नेपच्यून' पर चढ़ी महिला

नई दिल्ली। इटली के फ्लोरेंस शहर घूमने गए एक महिला टूरिस्ट पर वहां के ऐतिहासिक 'फाउंटेन ऑफ नेपच्यून' को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा है।

अधिकारियों ने इसके पीछे का कारण शादी से पहले की एक चुनौती बताया है। शहर के अधिकारियों के अनुसार, यह घटना फ्लोरेंस के सबसे मशहूर पब्लिक चौकों में से एक, 'पियाजा डेला सिग्नोरिया' में हुई। इस घटना से करीब 5,000 (5,53,090 रुपये) का नुकसान होने का अनुमान है।

दरअसल, 18 अप्रैल को, 28 साल की एक महिला (जिसकी राष्ट्रीयता का खुलासा नहीं किया गया है) को म्युनिसिपल पुलिस ने तब पकड़ा, जब वह फाउंटेन के चारों ओर लगी सुरक्षा घेरे को पार करके ऊपर चढ़ रही थी। अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की और उसे पकड़ कर वहां से हटा दिया।




## ईरान युद्ध के बीच पहली बार एलएनजी टैंकर ने पार किया होर्मुज

नई दिल्ली। UAE की ADNOC द्वारा प्रतिबंधित LNG टैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है, और अब यह भारत के पास दिखाई दे रहा है। सोमवार को शिप-ट्रैकिंग डेटा से यह जानकारी मिली। अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो, 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से यह पहला LNG टैंकर जिसने इस जलडमरूमध्य को पार किया है। 136,357-क्यूबिक-मीटर क्षमता वाला यह टैंकर, जिसका प्रबंधन Adnoc Logistics & Services करती है और जिसे आखिरी बार 30 मार्च को खाड़ी में देखा गया था, अब भारत के पश्चिमी तट के पास दिखाई दिया है। ICIS LNG Edge, मरीन ट्रैफिक और LSEG के डेटा के अनुसार, इससे यह संकेत मिलता है कि कई हफ्तों तक बिना किसी सिग्नल के रहने के बाद इसने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है। हालांकि, Adnoc ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# दुबई चॉकलेट के चक्कर में महंगा हुआ पिस्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध होने के कारण सिर्फ तेल के कीमतों में इजाफा देखने को नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही एक और चीज है जो पिछले 8 सालों के रिकॉर्ड को तोड़कर बहुत तेजी से महंगा होता जा रहा है। उसका नाम है 'पिस्ता', इस खाने की चीज पर भी तेल जैसा असर देखने को मिल रहा है। ईरान में चल रहे संघर्ष के कारण पूरी दुनिया में यह महंगा मिल रहा है। दरअसल, ईरान और अमेरिका मिलकर दुनिया की लगभग 80% पिस्ता आपूर्ति पूरी करते हैं, जिसमें अमेरिका सबसे बड़ा उत्पादक है। ईरान पर हुए हमले ने पिस्ता के बाजार का समीकरण ही बदल दिया है। ईरान संघर्ष ने पिस्ता के निर्यात को बाधित कर दिया है, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद होने के कारण कीमतें 8 साल के उच्चतम स्तर $4.57 (430 रुपये) प्रति पाउंड पर पहुंच गई हैं।



दुनिया के सबसे बड़े पिस्ता उत्पादकों में से एक देश को निर्यात में रुकावटों, शिपिंग में अड़चनों और आपूर्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, साल 2023 के आखिर से ही पिस्ता के कीमतें लगभग 30% बढ़ चुकी थीं। इसी दौरान वायरल दुबई चॉकलेट का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला था। ब्लूमबर्ग ने आगे बताया कि सप्लाई चेन में आई रुकावटों के कारण मार्च में पिस्ता की कीमतें अचानक से बढ़कर $4.57 (लगभग 430.52) प्रति पाउंड तक पहुंच गई, जो मई 2018 के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

# सेंसेक्स 417 अंक गिरकर 76,887 पर बंद



**मुंबई, एजेंसी**

> ■ **निफ्टी भी 97 अंक टूटा, बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में बिकवाली रही**

आज यानी 28 अप्रैल को सेंसेक्स 417 अंक (0.54%) की गिरावट के साथ 76,887 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 97 अंकों (0.40%) की गिरावट रही, ये 23,996 पर आ गया। आज बैंक में सबसे ज्यादा बिकवाली देखी गई। आज बैंकिंग, ऑटो और IT शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही।

ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 109 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गई हैं। बाजार में तेल की मजबूत डिमांड और 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' को लेकर चिंता बढ़ी है जिस वजह से ये तेजी आई है। हॉर्मुज को तेल की सप्लाई के लिए सबसे अहम रास्ता माना जाता है।

इससे पहले कल यानी 27 अप्रैल को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 639 अंक की तेजी के साथ 77,304 पर बंद हुआ था। निफ्टी में 195 अंक की बढ़त रही, ये 24,093 पर बंद हुआ था।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96